

रक्षामंत्री मोरक्को में आयोजित कार्यक्रम में शिकरत किये

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति



युवराज सिंह ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश होने के लिए नई दिल्ली पहुँचे

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 267 | रायपुर | बुधवार 24 सितंबर 2025 | विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


### भारत की वैश्विक नवाचार सूचकांक में रैंकिंग 91 से बढ़कर 38

# भारत टॉप 10 नवाचार देशों में होगा शामिल

एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पिछले दस सालों में भारत की वैश्विक नवाचार सूचकांक (ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स) में रैंकिंग 91 से बढ़कर 38 हो गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले तीन सालों में भारत दुनिया के टॉप 10 नवाचार देशों में शामिल हो जाएगा।

**'स्टार्टअप इंडिया अभियान से देश को मिली नई पहचान** - अमित शाह ने यह बात गुजरात सरकार के 'स्टार्टअप कॉन्क्लेव' के उद्घाटन समारोह में कही। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2016 में शुरू किए गए 'स्टार्टअप इंडिया' अभियान के चलते देश में स्टार्टअप की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। यह योजना युवाओं को नौकरी मांगने वाले से नौकरी देने वाले में बदलने का काम कर रही है।





**रोजगार के नए बने अवसर** - केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि कुल स्टार्टअप में से 52 प्रतिशत छोटे और मझोले शहरों में स्थित हैं। इसके अलावा, 48 प्रतिशत स्टार्टअप महिलाओं द्वारा शुरू किए गए हैं, जो देश में नवाचार के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को दर्शाता है। अमित शाह ने कहा कि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र ने अब तक लगभग 17.90 लाख लोगों को रोजगार दिया है। हर साल करीब 17,000 नए स्टार्टअप बनते हैं, जिनमें से 9,000 छोटे और मझोले शहरों में स्थित हैं। इससे साफदिखता है कि स्टार्टअप रोजगार पैदा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 2014 में भारत में सिर्फ 500 स्टार्टअप थे, जो अब बढ़कर लगभग 1.92 लाख हो गए हैं। साथ ही, यूनिकॉर्न स्टार्टअप की संख्या चार से बढ़कर 120 से अधिक हो गई है। इन यूनिकॉर्न्स का संयुक्त बाजार मूल्य 35 अरब अमेरिकी डॉलर से ऊपर है।

**अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती**

उन्होंने कहा सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 10,000 करोड़ रुपये का 'फंड ऑफ फंड्स' बनाया है। इसके अलावा, स्टार्टअप के लिए अधिकतम ऋण सीमा 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दी गई है। साथ ही, कई कर रियायतें भी स्टार्टअप को दी गई हैं, जिससे उनकी मदद हो रही है। अमित शाह ने उद्योग जगत और निवेशकों से कहा कि वे स्टार्टअप में निवेश करें क्योंकि इनमें से कोई कंपनी 'यूनिकॉर्न' बनकर बड़ी संपत्ति बना सकती है। उन्होंने कहा, ÷यह न सिर्फ निवेशकों के लिए फायदेमंद होगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।÷

**गुजरात में स्टार्टअप की क्रांति**

गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात की भी तारीफकी और कहा कि राज्य में स्टार्टअप क्षेत्र में बहुत तेजी आई है। गुजरात में 16,000 से ज्यादा स्टार्टअप हैं, जिनमें से अकेले अहमदाबाद में 6,650 स्टार्टअप हैं। गुजरात लगातार चार साल से स्टार्टअप के क्षेत्र में सबसे बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। अमित शाह ने कहा, ÷हमारे युवाओं की क्षमता को देखकर मुझे पूरा भरोसा है कि भारत अगले तीन वर्षों में नवाचार के क्षेत्र में शीर्ष 10 देशों में शामिल होगा और दुनिया में अग्रणी बनेगा।

## मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के सम्मान, शाहरुख विक्रांत बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता





नई दिल्ली.

भारतीय सिनेमा के 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शाहरुख खान, मोहनलाल, रानी मुखर्जी और विक्रांत मेस्सी सहित कई सितारों को सम्मानित किया. समारोह नई दिल्ली में आयोजित किया गया. शाहरुख खान ने 2023 की फिल्म जवान में अपने अभिनय के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड हासिल किया. फिल्म का निर्देशन अटली ने किया था. मलयालम अभिनेता मोहनलाल को भारतीय सिनेमा में उनके वर्षों के योगदान के लिए दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जो देश का सर्वोच्च फिल्म सम्मान है. अभिनेत्री रानी मुखर्जी को उनकी फिल्म मिसेज़ चटर्जी वर्सेज नॉर्वे के लिए पहला नेशनल अवॉर्ड राष्ट्रपति से प्राप्त हुआ.

इस अवसर पर रानी मुखर्जी ने भूरी साड़ी पहनकर न्यूनतम मेकअप के साथ समारोह में शिरकत की. विक्रांत मेस्सी, जिन्होंने 12th Fail में अभिनय के लिए शाहरुख खान के साथ बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड साझा किया, ने भी अपने प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी हासिल की।

## सत्येंद्र जैन पर ED ने की बड़ी कार्रवाई, 7.44 करोड़ की संपत्ति को किया जब्त

**एजेंसी।** ईडी ने इस मामले में 4.81 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी और अभियोजन पक्ष की



शिकायत दर्ज की थी, जिस पर बाद में दिल्ली की एक अदालत ने संज्ञान लिया था। नवीनतम कार्रवाई के साथ, अब कुर्की की कुल राशि 12.25 करोड़ रुपये हो गई है - एजेंसी के अनुसार यह राशि जैन द्वारा कथित रूप से अर्जित आय से अधिक संपत्ति के पूरे मूल्य का प्रतिनिधित्व करती है। ईडी ने दिल्ली के पूर्व मंत्री और आप नेता सत्येंद्र कुमार जैन द्वारा कथित रूप से नियंत्रित कंपनियों से जुड़ी 7.44 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की हैं। यह कार्रवाई 15 सितंबर को धन (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई। एजेंसी की मनी लॉन्ड्रिंग जाँच 2017 में दर्ज सीबीआई के एक मामले से शुरू हुई है, जिसमें जैन पर फरवरी 2015 से मई 2017 के बीच आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में मंत्री रहते हुए आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया गया था। सीबीआई ने दिसंबर 2018 में उनके, उनकी पत्नी पूनम जैन और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था।

## सीएम रेखा गुप्ता का बड़ा ऐलान, कहा- अब रामलीला और दुर्गा पूजा चलेंगे रात 12 बजे तक

एजेंसी

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने रामलीला, दुर्गा पूजा और अन्य धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों को रात 10 बजे से बढ़ाकर रात 12 बजे तक चलाने की अनुमति दी है। उन्होंने कहा कि इससे त्योहारों का असली आनंद लोगों को मिल सकेगा और सांस्कृतिक आयोजनों को समर्थन मिलेगा। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा, दिल्ली में रामराज्य आना चाहिए और इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने सवाल उठाया कि कौन सी रामलीला रात 10 बजे खत्म होती है? दुर्गा पूजा तो रात 10 बजे खत्म नहीं हो सकती।÷ उन्होंने गुजरात के उदाहरण का भी जिक्र किया जहां पूरे त्योहारों के दौरान रात भर डांडिया होता है। उन्होंने कहा तो दिल्ली वालों का क्या कसूर? इसी वजह से इस बार दिल्ली सरकार ने आयोजनों को रात 12 बजे तक जारी रखने की अनुमति दी है। दिल्ली सरकार ने सोमवार को लाउडस्पीकर और जनसंपर्क प्रणालियों के उपयोग के समय को रात 10 बजे से बढ़ाकर रात 12 बजे कर दिया है।

## भारत जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांति का गवाह बन रहा है : पीएम मोदी

### आयुष्मान भारत योजना के सात वर्ष पूरे, पीएम ने दी बधाई

**नई दिल्ली एजेंसी** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आयुष्मान भारत योजना के सात वर्ष पूरे होने के अवसर पर बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट भी किया।

उन्होंने कहा, इसकी बदौलत, भारत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में एक क्रांति का गवाह बन रहा है। इसने वित्तीय सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया है। भारत ने दिखाया है कि कैसे पैमाने, करुणा और तकनीक मानव सशक्तीकरण को और आगे बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के 'माई गव इंडिया' अकाउंट पर भी



इस योजना का जिक्र किया।

इस योजना का जिक्र करते हुए पोस्ट में कहा गया कि शासन में सच्चा नेतृत्व भविष्य की जरूरतों का पूर्वानुमान लगाने में निहित है। आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सात वर्ष पूरे होने पर, भारत एक स्वास्थ्य सेवा क्रांति का जश्न मना रहा है, जिसने 55 करोड़ से ज्यादा नागरिकों के लिए वित्तीय सुरक्षा, सार्वभौमिक पहुंच और सम्मानजनक देखभाल सुनिश्चित करते हुए, स्वास्थ्य सेवाओं की नई परिभाषा गढ़ी है।

पोस्ट में आगे कहा गया है कि यह एक ऐसी स्कीम है, जो इस बात का खाका तैयार करती है कि कैसे दूरदर्शी नीतियां जन स्वास्थ्य की नियति को नए सिरे से लिख सकती हैं।

बता दें कि आयुष्मान भारत योजना भारत सरकार की स्वास्थ्य बीमा योजना है, जो 50 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है। इसमें प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक का वार्षिक कवरेज शामिल है, जो अस्पताल में भर्ती होने पर लागू होता है। इसका लक्ष्य स्वास्थ्य देखभाल को सस्ता और सुलभ बनाना है।

## भारत ने भी पाकिस्तानी विमानों के लिए एयरस्पेस पर लगे प्रतिबंध को बढ़ाया

**नई दिल्ली** - भारत और पाकिस्तान के बीच हवाई क्षेत्र को लेकर तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। पाकिस्तान के कदम के जवाब में भारत ने भी पाकिस्तानी एयरलाइंस और विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर लगे प्रतिबंध को एक और महीने के लिए बढ़ा दिया है। भारत के विमानन प्राधिकरण द्वारा सोमवार को जारी नए 'नोटिस टू एयरमेन' के अनुसार, यह प्रतिबंध अब 24 अक्टूबर, 2025 तक लागू रहेगा। इस फैसले के साथ ही दोनों पड़ोसी देशों द्वारा एक-दूसरे के विमानों के लिए हवाई क्षेत्र की बंदी अब छठे महीने में प्रवेश कर गई है। यह कदम पाकिस्तान द्वारा कुछ दिन पहले भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को इसी तारीख तक बंद करने की घोषणा के बाद उठाया गया है।

## किसानों से उड़द, तूर की शत-प्रतिशत खरीद के लिए कृषिमंत्री शिवराज सिंह ने दी स्वीकृति

### उत्तर प्रदेश में मूंग, तिल, मूंगफली और गुजरात में सोयाबीन, मूंग व मूंगफली भी खरीदने की मंजूरी

**एजेंसी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ 2025-26 के लिए उत्तर प्रदेश और गुजरात में प्रमुख दलहन एवं तिलहन फसलों की खरीद को स्वीकृति दी है। किसानों से उड़द व तूर की शत-प्रतिशत खरीद के लिए श्री शिवराज सिंह ने मंजूरी दी है, वहीं उत्तर प्रदेश में मूंग, तिल, मूंगफली



तथा गुजरात में सोयाबीन, मूंग व मूंगफली भी खरीदने की अनुमति प्रदान की है। किसानों के हित में पूरी खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से करने के लिए श्री शिवराज सिंह ने इन राज्यों को निर्देश दिए, साथ ही कहा कि दोनों राज्यों में 13,890.60 करोड़ रु. की उपज खरीदी से किसानों को लाभ होगा। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज हुई वर्चुअल बैठक में उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्यप्रताप शाही तथा गुजरात के कृषि मंत्री श्री राघवजी पटेल शामिल थे।

वहीं केंद्रीय कृषि सचिव डा. देवेश चतुर्वेदी तथा केंद्र व दोनों राज्य सरकारों के वरिष्ठ कृषि अधिकारी भी बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में श्री शिवराज सिंह ने कहा कि किसानों के हित में पूरी खरीद प्रक्रिया पारदर्शी, डिजिटल व सुचारू रूप से की जाएं।

**विदेश** | इटली के दक्षिणी हिस्से में स्थित व्यस्त पोर्ट शहर में प्रदर्शन

## फ्रांस ने फिलिस्तीन को दी मान्यता, अब इटली में भी उठी मांग, हिंसक प्रदर्शन शुरू

एजेंसी।

**रोम** फ्रांस ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र के मिडिल ईस्ट पीस प्रोसेस की बैठक के दौरान फिलिस्तीन को औपचारिक रूप से एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता दे दी है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा की गई इस घोषणा के साथ ही पिछले 36 घंटों में ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और पुर्तगाल भी फिलिस्तीन को मान्यता दे चुके हैं। हालांकि, अमेरिका, इजरायल और इटली जैसे देशों ने अब तक यह कदम नहीं उठाया है। इटली में फिलिस्तीन को मान्यता न देने के विरोध में व्यापक और हिंसक प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि इटली सरकार गाजा में युद्धविराम की तुरंत मांग करे और फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में





मान्यता दे। मंगलवार देर शाम मिलान शहर में सैकड़ों प्रदर्शनकारी काले कपड़े पहनकर शहर के सेंट्रल ट्रेन स्टेशन में दाखिल हो गए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर स्मोक बम, बोतलें और पत्थर फेंके। स्टेशन परिसर में तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं हुईं। कई सरकारी संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचाया गया। हालात काबू में लाने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

मिलान और रोम जैसे बड़े शहरों में ट्रेनों को रोक दिया गया है और कई पोर्ट्स को बंद कर दिया गया है। मिलान में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में अब तक 60 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। वहीं, 10 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया है। इटली के दक्षिणी हिस्से में स्थित व्यस्त पोर्ट शहर नेपल्स में भी प्रदर्शनकारियों ने सड़कें जाम करने की कोशिश की और रेलवे स्टेशनों पर प्रदर्शन किया। कई स्थानों पर आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है। प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी पर फिलिस्तीन को मान्यता देने के लिए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बढ़ता जा रहा है, लेकिन उन्होंने अब तक कोई नरम रुख नहीं अपनाया है। मेलोनी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि इटली फिलहाल इस मुद्दे पर अपनी नीति में बदलाव नहीं करेगा।

# मेक विथ फ्रेंड्स मॉडल से भारत बनेगा ग्लोबल डिफेंस पार्टनर

एजेंसी

भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार, 23 सितंबर को मोरक्को के बेरेचिद में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मारोक की नई रक्षा निर्माण सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सिंह ने इसे भारत की वैश्विक रक्षा सहयोग में बढ़ती भूमिका का प्रतीक बताया और कहा कि यह पहल "Make in India" के साथ-साथ "Make with Friends" के विजन को आगे बढ़ाने का हिस्सा है।

उद्घाटन समारोह में राजनाथ सिंह ने कहा कि हम भरोसेमंद साझेदारों के साथ मिलकर अत्याधुनिक तकनीकों का विकास और निर्माण करेंगे। अंततः ÒMake for the WorldÓ के माध्यम से हमारी नवाचार क्षमताओं के लाभ पूरी दुनिया के साथ साझा किए जाएंगे। बेरेचिद में स्थापित यह फैसिलिटी इस दृष्टिकोण का उत्कृष्ट उदाहरण है।÷

उन्होंने आगे बताया कि यह पहल भारतीय उद्योगों की घरेलू जरूरतों को पूरा करने की क्षमता के साथ-साथ मित्र राष्ट्रों की रक्षा क्षमता बढ़ाने में योगदान करने की क्षमता का प्रतीक है। सिंह ने इसे ऐसा मॉडल बताया जो समानता का सम्मान करता है, स्थानीय क्षमता को मजबूत करता है और वैश्विक शांति में योगदान देता है।



### भारत-मोरक्को द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति

रक्षा मंत्री ने इस फैसिलिटी को द्विपक्षीय संबंधों के व्यापक परिप्रेक्ष्य में रखा। उन्होंने कहा, हाल के वर्षों में, भारत और मोरक्को ने कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया है, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा से लेकर उर्वरक, सूचना प्रौद्योगिकी से पर्यटन और अब अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र, रक्षा और उन्नत निर्माण शामिल हैं।

### फैसिलिटी का तकनीकी महत्व

रक्षा मंत्री ने बताया कि यह सुविधा 20,000 वर्ग फीट में फैली हुई है और यहाँ उन्नत आर्मर्ड कॉम्बैट व्हीकल का निर्माण किया जाएगा। इस वाहन में मोबिलिटी, प्रोटेक्शन और फायरपावर के नवीनतम फीचर्स शामिल होंगे। यह वाहन डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से विकसित किया गया है और भारत की स्वदेशी रक्षा तकनीक और अनुसंधान व विकास क्षमताओं का प्रमाण है।

सिंह ने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के मोरक्को में प्रवेश का स्वागत करते हुए कहा कि यह दिन भारतीय निजी क्षेत्र की रक्षा उद्योग की वैश्विक पहचान को मजबूत करता है। उन्होंने इसे भारतीय रक्षा उद्योग के लिए ऐतिहासिक पल बताया।

**स्थानीय भागीदारी और रोजगार पर दिया जोर** सिंह ने कहा कि इस परियोजना में स्थानीय भागीदारी पर विशेष ध्यान दिया गया है। शुरुआत में लगभग एक तिहाई घटक और सब-सिस्टम मोरक्को में निर्मित और असेंबल किए जाएंगे। आने वाले वर्षों में स्थानीय योगदान उत्पादन का आधा होने की उम्मीद है।

## एस्टोनियाई हवाई क्षेत्र में 'रूसी घुसपैठ', संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने बुलाई आपात बैठक

**संयुक्त राष्ट्र ,एजेंसी ।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रूसी लड़ाकू विमानों के एस्टोनियाई हवाई क्षेत्र में कथित घुसपैठ पर चर्चा के लिए एक आपातकालीन बैठक आयोजित की। यूरोप, मध्य एशिया और अमेरिका के लिए संयुक्त राष्ट्र के सहायक महासचिव मिरोस्लाव जेंका ने अपनी ब्रीफिंग में कहा कि विश्व निकाय इस घटना से संबंधित किसी भी दावे की पुष्टि करने की स्थिति में नहीं है और उसके पास घटनाओं के बारे में कोई अन्य जानकारी नहीं है।

उन्होंने अपनी ब्रीफिंग पूरी तरह से सार्वजनिक स्रोतों से उपलब्ध जानकारी पर आधारित की। जेंका ने बताया कि सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को संबोधित शनिवार को लिखे एक पत्र में, एस्टोनिया ने दावा किया है कि तीन रूसी मिग-31 लड़ाकू विमान शुक्रवार को एस्टोनिया के



हवाई क्षेत्र में 10 किलोमीटर तक घुस आए और 12 मिनट तक वहां रहे।

उन्होंने बताया कि रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दावा किया कि उसके विमानों ने फिनलैंड की सीमा पर स्थित करेलिया से कैलिनिनग्राद के एक हवाई अड्डे तक अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र के नियमों का सख्ती से पालन करते हुए, तय उड़ान पथ से भटके बिना और एस्टोनियाई हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किए बिना, अपनी निर्धारित उड़ान भरी।

# रौशन छतें, सशक्त घर प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का असर, उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत तो मिल ही रही है





**रायपुर।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने बिलासपुर जिले में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की नई दिशा दी है। इस योजना से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत तो मिल ही रही है, साथ ही स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान सुनिश्चित हो रहा है।

जिले में अनेक परिवार सौर ऊर्जा को अपनाकर प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। अशोक नगर निवासी श्रीमती अंजली सिंह ने 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगाकर अपना बिजली बिल आधा कर लिया है। बिल्हा के श्री जमशेर मोहम्मद शेख का बिजली बिल पूरी तरह समाप्त हो गया है। कोनी निवासी श्री एस.के. साहा को 1.08 लाख रुपये की सब्सिडी मिली और उनका बिजली बिल भी शून्य हो गया है। वहीं, कोनी की श्रीमती संगीता तिवारी ने 10 किलोवाट का संयंत्र स्थापित कर संयुक्त परिवार की खपत का आधा से अधिक खर्च बचाया है।

केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा डबल सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है। 1 किलोवाट पर 45 हजार रुपये, 2 किलोवाट पर 90 हजार रुपये और 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर 1 लाख 8 हजार रुपये तक की सब्सिडी उपलब्ध है। योजना के तहत प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली और नेट मीटरिंग से अतिरिक्त आय की सुविधा दी गई है। आवेदन की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी है। उपभोक्ता https//pmsuryaghar.gov.in/ पोर्टल, मोबाइल ऐप अथवा नजदीकी विद्युत कार्यालय के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। यह योजना न केवल आर्थिक राहत का साधन है, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सशक्त कदम भी है।

## जिला बालोद को बाल विवाह मुक्त घोषित करने की कवायद

### बालोद जिले का नया सिविल भवन बनेगा डौण्डीलोहारा के संबलपुर

रायपुर। देश में बाल विवाह रोकने के लिएसरकार द्वारा युद्ध स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं, अब बालोद जिलों भी बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय घोषित किया जाएगा। इसके लिए शासकीय औपचारिकताएं की जा रही है।

प्रदेश में पिछले कई वर्षों से बाल विवाह को रोकने के महिला एवं बाल विकास द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में बालिकाओं के शिक्षा के प्रति जागरूकता के कारण यह अभियान सफल हो रहा है। जिला बालोद के महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में पिछले दो वर्षों से ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में बाल विवाह प्रकरण नहीं मिले हैं। बालोद जिले में कुल 436 ग्राम पंचायतें तथा 9 नगरीय निकाएं हैं। सरकार द्वारा इस जिले को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय घोषित किए जाने के लिए एक प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी के अनुसार इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्थान को कोई आपत्ति हो तो 7 दिन के अंदर जिला कार्यक्रम अधिकारी बालोद के पक्ष में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। ज्ञात रहे बालोद जिले में इस समय डीएम फंड से एक बड़ी राशि का प्रावधान है, जिसके कारण यह पूर्ववर्ती जिला दुर्ग में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। बालोद जिला के डौण्डीलोहारा के तहसीलदार द्वारा जारी निर्देशानुसार ग्राम डौण्डी लोहारा के ग्राम संबलपुर में बालोद जिले के नए सिविल न्यायालय के लिए भूमि का आबंटन किया जाएगा।

## पीएम आवास और अन्य योजनाओं के लाभ से दुवास बाई के जीवन में जगा



**रायपुर।**मूलभूत आवश्यकताओं में आवास सबसे महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण ने इसी सपने को साकार करते हुए ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराया है। कवर्धा जिले के जनपद पंचायत पंडरिया के ग्राम पलानसरी की 57 वर्षीय दुवास बाई इसका उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने पक्के मकान के साथ जीवन में नया आत्मविश्वास पाया है।

पति के निधन के उपरांत कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन कर रही दुवास बाई का नाम आवास प्लस-2018 सूची में शामिल किया गया। वर्ष 2024-25 में योजना के तहत किश्तवार राशि सीधे खाते में हस्तांतरित की गई और आवास निर्माण पूर्ण हुआ। साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत 90 दिवस का रोजगार भी मिला। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, उज्ज्वला योजना से गैस कनेक्शन व चूल्हा, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना से निःशुल्क बिजली कनेक्शन तथा खाद्य विभाग से राशन कार्ड जैसी सुविधाओं ने इनके जीवन में आमूलचूल परिवर्तन किया। महतारी वंदन योजना से भी उन्हें प्रतिमाह आर्थिक सहयोग प्राप्त हो रहा है। दुवास बाई कहती हैं कि पक्का मकान, बिजली, गैस और सुलभ राशन से उनका जीवन सुरक्षित और सम्मानजनक बन गया है। यह योजना केवल आवास निर्माण तक सीमित न होकर हितग्राहियों के समग्र विकास और आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

## शारदीय नवरात्रि पर्व पर महापौर की अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें

**रायपुर ।** राजधानी शहर की प्रथम नागरिक रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, नगर निगम सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, नगर निगम संस्कृति विभाग के अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी ने समस्त नगरवासियों को दिनांक 22 सितम्बर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक होने जा रहे शारदीय नवरात्रि पर्व की अग्रिम हार्दिक शुभकामनायें देते हुए आदिशक्ति जगदम्बा माता से सभी नागरिकों को जीवन में सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और शान्ति प्रदान करने राजधानी शहर रायपुर सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में समृद्धि और खुशहाली लाने कार्य करने सकारात्मक ऊर्जा शक्ति प्रदान करने हेतु जगतमाता के दिव्य श्रीचरणों में विनम्र प्रार्थना की है. उल्लेखनीय है कि शारदीय नवरात्रि पर्व में आदिशक्ति जगतमाता जगदम्बा की विशेष पूजा- आराधना की जाती है. यह पर्व सभी नागरिकों को जीवन में सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का एक श्रेष्ठ सुअवसर प्रदान करता है.

महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष श्री अमर गिदवानी ने सभी नगरवासियों से छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के अंतर्गत समस्त 70 वार्डों में दिनांक 17 सितम्बर 2025 से दिनांक 2 अक्टूबर 2025 तक चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान की सकारात्मक स्वच्छता गतिविधियों में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर रायपुर शहर को स्वच्छ राजधानी शहर बनाने में अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज करवाने की विनम्र अपील की है।

## जशपुर का नव संकल्प शिक्षण संस्थान : मुख्यमंत्री की पहल से बदल रहा युवाओं का जीवन



जशपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की दूरदर्शी पहल से जिले में नव संकल्प शिक्षण संस्थान डीएमएफमद से संचालित हो रहा है। यह संस्थान आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण पृष्ठभूमि के युवाओं को निःशुल्क शिक्षा, आवास और भोजन की सुविधा प्रदान कर उनके भविष्य को संवार रहा है। यह पहल युवाओं के लिए उम्मीद और आत्मनिर्भरता की नई राह खोल रही है। इसी संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर सीजी पीएससी बैच की छात्रा कुमारी खिरोमणी बाई का चयन प्रयोगशाला परिचारक पद पर हुआ है। वहीं, इसी प्रकार कांसाबेल विकासखंड की ग्राम सारूकछार की समिता चक्रेश ने व्यापम द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में प्रदेशभर में महिला वर्ग में प्रथम स्थान और समग्र सूची में सातवां स्थान प्राप्त कर बड़ा मुकाम हासिल किया। उन्होंने 100 में से 88 अंक अर्जित किए। समिता ने अपनी सफ्लता का श्रेय कठिन परिश्रम, लगातार अभ्यास और नव संकल्प के मार्गदर्शन को दिया। समिता चक्रेश बताती है कि लगातार अभ्यास और नव संकल्प के शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे इस मुकाम तक पहुँचाया। वहीं कुमारी खिरोमणी बाई ने कहा नव संकल्प ने मुझे सही माहौल और बेहतर मार्गदर्शन दिया। यहाँ मिली सुविधाओं और प्रोत्साहन से ही मैं प्रतियोगी परीक्षा में सफ्ल हो पाई।

# डूमरिया की दीदियों ने तीन माह में किया 12 लाख का कारोबार



**रायपुर।**महिला सशक्तिकरण की दिशा में लखपति दीदी योजना उल्लेखनीय परिणाम दे रही है। कोरिया जिले के बैकुंठपुर ब्लॉक के डूमरिया गाँव का महालक्ष्मी स्व-सहायता समूह इस योजना के अंतर्गत सफ्लता का प्रेरक उदाहरण बन गया है।

समूह की अध्यक्ष श्रीमती मुन्नी बाई को प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं बिहान योजना के तहत ÷एम प्लस÷ नाम से पैक्ड वाटर प्लांट स्थापित करने का अवसर मिला। इस परियोजना की कुल लागत 35 लाख रुपये रही, जिसमें से 30 लाख रुपये की सहायता पीएमईजीपी से तथा 5 लाख रुपये का ऋण बिहान से प्राप्त हुआ। केवल तीन माह के भीतर ही इस प्लांट के माध्यम से 12 लाख रुपये से अधिक का कारोबार किया है, जिससे समूह को नई पहचान मिली है।

इस उपलब्धि से समूह की पाँच से अधिक महिलाएँ लखपति बनने की ओर अग्रसर हैं। श्रीमती मुन्नी बाई ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लखपति दीदी योजना ने उनके जीवन में नया आत्मविश्वास भरा है। अब वे न केवल अपने परिवार की जरूरतें पूरी कर पा रही हैं, बल्कि रोजगार सृजन में भी योगदान दे रही हैं। महालक्ष्मी समूह की महिलाएँ शिक्षा, सामाजिक गतिविधियों और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं।

## प्रदेश में हल्की व मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान, दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी वर्षा होने की संभावना

**रायपुर।** उत्तरी भारत से यहां मानसून की विदाई के अनुकूल परिस्थितियां बन गई हैं, वहीं छत्तीसगढ़ में एक चक्रीय चक्रवात बनने के कारण हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है, वर्षा का मुख्य केन्द्र दक्षिण छत्तीसगढ़ में रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक से मिली जानकारी के अनुसार गुजरात के कुछ और भाग, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब, उत्तर प्रदेश के कुछ भाग, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर से दक्षिण पश्चिम मानसून की विदाई के लिए अगले दो-तीन दिनों में अनुकूल परिस्थितियों बनी हुई है। एक कम दबाव का क्षेत्र उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 की किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में अगले 24 घंटे में आगे बढ़ते हुए उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी में पहुंचने की संभावना है।

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक दूसरा नया कम दबाव का क्षेत्र पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर बंगाल की खाड़ी के ऊपर 25 सितंबर को बनने की संभावना है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और ज्यादा प्रबल होकर और दाब के रूप में उत्तर पश्चिम बंगाल के खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी- दक्षिण उड़ीसा और उत्तर आंध्र प्रदेश के तट से दूर 26 सितंबर को बनने की संभावना है । इसके दक्षिण ओडिशा और उत्तर आंध्र प्रदेश तट के पास 27 सितंबर को पहुंचने की संभावना है। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी में स्थित ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से कर्नाटक तक 3.1 किलोमीटर से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

मौसम वैज्ञानिक से मिली जानकारी के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व उत्तर प्रदेश और उसके आसपास स्थित है तथा यह 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में 1-2 स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने तथा वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है ।

# जिंदगी में जीत हार से ज्यादा महत्वपूर्ण है पूरी क्षमता से खेलना : वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी

### नमो मैराथन में दौड़ा रायगढ़ : आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया और नशा मुक्त भारत का दिया संदेश

### प्रथम दस स्थानों पर आने वाले प्रतिभागियों को मिलेगा 5-5 हजार रूपये का पुरूस्कार



**रायपुर।** सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत हुआ नमो मैराथन दौड़ का आयोजन रायगढ़ में आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया और नशा मुक्त भारत का संदेश देते हुए मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक से मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मैराथन रायगढ़ के दौड़ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक से होते हुए गांधी चौक, सुभाष चौक, रामनिवास टॉकीज चौक, शहीद चौक से हेमू कालानी चौक होते हुए कमला नेहरू उद्यान में समाप्त हुई। यह कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत आयोजित किया गया।वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने मैराथन दौड़ के विजेताओं को बधाई देते हुए अपने संबोधन में कहा कि जीत-हार से ज्यादा महत्वपूर्ण अपनी पूरी क्षमता और खेल भावना से प्रतियोगिता में हिस्सा लेना है। लगन और समर्पण के साथ किया गया प्रयास ही सफ्लता का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रथम दस स्थान पर आने वाले बालक और बालिकाओं को स्वेच्छानुदान मद से 5-5 हजार रूपये देने की घोषणा की।वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने कुशल नेतृत्व से आज भारत को वैश्विक मानचित्र में स्थापित करने का काम किया है। उनके मार्गदर्शन में किए जा रहे कार्यों से देश ने प्रगति के कई सोपान तय किए हैं। 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक यह सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि राज्य गठन के समय छत्तीसगढ़ में एक भी राष्ट्रीय स्तर की संस्था नहीं थी। किन्तु आज आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपलआईटी, एनआईटी, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसी देश की लगभग सभी प्रमुख संस्थाएं यहां संचालित हैं।

# जल जीवन मिशन ने बदली जिंदगी : पहले सुबह का अधिकांश समय पानी के इंतजाम में ही निकल जाता था



**रायपुर।** हर घर नल से पानी पहुंचाने के मिशन 'जल जीवन मिशन' ने महिलाओं की जिंदगी बदल दी है। पहले सुबह का अधिकांश समय परिवार के लिए पानी के इंतजाम में बिताने वाली महिलाएं अब घर में नल से पानी आने के बाद राहत की सांस ले रही हैं। अब उन्हें बच्चों की परवरिश, पढ़ाई-लिखाई, खेती, मजदूरी और आजीविका के अन्य कार्यों के लिए पर्याप्त समय मिल जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने दंतेवाड़ा जिले के गीदम विकासखंड के बिंजाम ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के माध्यम से 267 घरों में नल से जल पहुंचाया है। इससे गांववाले और वहां की महिलाएं काफी खुश हैं। गांव को ''हर घर जल ग्राम'' का दर्जा भी मिल गया है।जल जीवन मिशन ने बदली जिंदगी : पहले सुबह का अधिकांश समय पानी के इंतजाम में ही निकल जाता था, पर अब घर पहुंच रहा पानीबिंजाम के अधिकांश परिवार आजीविका के लिए खेती और मजदूरी पर आश्रित हैं। यहां पहले पेयजल का मुख्य स्रोत हैंडपंप ही था। पर अब जल जीवन मिशन से गांव के हर घर में नल से स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति हो रही है। जल आपूर्ति के लिए गांव में 16 किलोमीटर से अधिक पाइपलाइन बिछाई गई है। तीन उच्च स्तरीय जलागारों (पानी टंकियों) के माध्यम से हर घर तक पानी पहुंचाया जा रहा है।जल जीवन मिशन ने बदली जिंदगी : पहले सुबह का अधिकांश समय पानी के इंतजाम में ही निकल जाता था, पर अब घर पहुंच रहा पानी

जल जीवन मिशन से हर परिवार को न केवल पर्याप्त जल मिल रहा है, बल्कि यह स्वच्छ और सुरक्षित भी है। गांव में गठित 'जल वाहिनी' समूह की महिलाओं को जल की गुणवत्ता के परीक्षण के लिए प्रशिक्षित किया गया है। ये महिलाएं फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल की गुणवत्ता का परीक्षण कर गांव में गुणवत्तायुक्त पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं। इससे गांववाले अब जलजनित और गंदे पानी से होने वाली बीमारियों के खतरे से मुक्त हो गए हैं। जल जीवन मिशन ने बदली जिंदगी : पहले सुबह का अधिकांश समय पानी के इंतजाम में ही निकल जाता था, पर अब घर पहुंच रहा पानीजल जीवन मिशन ने बिंजाम की महिलाओं का जीवन बदल दिया है। पहले धूप, गर्मी, बरसात, ठंड या रात होने पर भी महिलाओं को पानी लाने घर से दूर जाना पड़ता था। घर पर छोटे बच्चे हों या खुद की तबीयत खराब हो, तो भी पानी लेने बाहर निकलना ही पड़ता था। पर अब घर में ही नल लग जाने से हालात बदल गए हैं।

# छत्तीसगढ़ की कृषि उन्नति में उड़िसा की भी अहम भूमिका – मंत्री श्री यादव

### छत्तीसगढ़ की कृषि उन्नति में उड़िसा की भी अहम भूमिका

### स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव शामिल हुए नुआखाई महोत्सव में



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव शामिल हुए नुआखाई महोत्सव मेंअखिल भारतीय उड़िसा समाज द्वारा नुआखाई महोत्सव का गरिमामय आयोजन भिलाई महिला महाविद्यालय, सेक्टर-9 के ऑडिटोरियम में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि उड़िसा विद्यवानों की भूमि है, वहीं छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की कृषि उन्नति में उड़िसा की भी अहम भूमिका रही है। बच्चे पढ़ेंगे तभी समाज आगे बढ़ेगा और भविष्य उज्ज्वल बनेगा। शिक्षा ही किसी भी समाज की असली शक्ति है। उन्होंने कहा कि चाहे उड़िसा की सरकार हो या केंद्र व राज्य सरकार, सभी की प्राथमिकता है कि हर बच्चा पढ़े और आगे बढ़े। उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इस दौरान मंत्री श्री यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए लोगों से आग्रह किया कि वे सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर परिवार के पास पक्का मकान हो और इसके लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने उपस्थित आम जनता से कहा कि वे आगे आकर इन योजनाओं से जुड़ें। महोत्सव के अवसर पर लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस अवसर पर विधायक वैशाली नगर श्री रिकेश सेन, उड़िसा समाज महासचिव श्री तरूण निहाल, भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन अध्यक्ष श्री इन्द्रजीत सिंह छोटू सहित समाज के जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## नानदमाली शाला में शिक्षक पदस्थापना से बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता में आई सुधार




**रायपुर।** प्राथमिक शाला नानदमाली में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए राज्य शासन ने युक्तियुक्तकरण कर अतिरिक्त शिक्षकों की पदस्थापना की गई, जिससे विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण पूरी तरह बदल गया है। शिक्षक पदस्थापना से बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार आई है, जिसकी सराहना अभिभावकों ने की। प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर चलाए जा रहे शिक्षक युक्तियुक्तकरण अभियान के परिणाम अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगे हैं। इसी कड़ी में

सरगुजा जिले के नानदमाली प्राथमिक शाला में वर्तमान में 123 विद्यार्थी दर्ज हैं। पहले शिक्षकों की कमी से पढ़ाई प्रभावित हो रही थी, लेकिन युक्तियुक्तकरण के तहत नवीन पदस्थापना होने से अब विद्यालय में कुल 5 शिक्षक उपलब्ध हैं, जिसमें प्रधान पाठक श्रीमती पुष्पा बड़ा, सहायक शिक्षक श्री दीनानाथ कैवर्त, सहायक शिक्षक श्रीमती पुष्पा पंडो, सहायक शिक्षक श्री हरी चंद पटेल, युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत सहायक शिक्षक श्रीमती नीलिमा सिंह नवीन पदस्थापना हुई है। दर्ज विद्यार्थी की दर से अब शिक्षकगण अपनी-अपनी कक्षा के विद्यार्थियों को पूर्ण लगन और उत्साह से पढा रहे हैं।

## सेवा केंद्रो पर विभिन्न समाजों–संगठनो द्वारा पद यात्रियों को दी जाएगी निशुल्क सेवा

**जगदलपुर।** नवरात्रि पर्व के प्रथम दिन पर आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विभिन्न पदयात्री सेवा ेन्द्रों का विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। नवरात्रि में विभिन्न समाज,संगठनों, द्वारा पदयात्री सेवा केन्द्रों में श्रद्धालुओं को निशुल्क सेवा किया जाता है। इसी तारतम्य में आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने जिया डेरा में आंध्र समाज, तितली गार्डन, डिमरापाल एवं केशलूर में बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा पदयात्री सेवा केन्द्रों का शुभारंभ किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने प्रदेशवासियों व बस्तरवासियों को नवरात्र एवं बस्तर दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।? साथ ही पदयात्री सेवा केन्द्रों में श्रद्धालुओं को सेवा कार्य के लिए सभी को साधुवाद दिया। इस दौरान निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष श्याम सोमानी, पुखराज बोथरा,पी जयंत राव नायडू, यशवर्धन राव, राजेश श्रीवास्तव,विमल बोथरा,बी जयराम, रोशन झा, एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### देर रात क्लब में पुलिस का छापाः नशे में झूम रहे युवक-युवतियां पकड़े गए

**भिलाई ।** सुपेला थाना क्षेत्र अंतर्गत स्मृति नगर पुलिस चौकी के समीप स्थित सूर्या मॉल में संचालित लिस्टोमेनिया क्लब एंड किचन में पुलिस ने देर रात छापा मारा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (भिलाई-दुर्ग शहर) सुखनंदन राठौर के निर्देश पर सुपेला थाना प्रभारी निरीक्षक विजय यादव के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

मिली जानकारी के अनुसार, क्लब में देर रात तक बिना अनुमति शराब परोसी जा रही थी। अंदर युवक-युवतियां नशे की हालत में झूमते हुए पाए गए। पुलिस के पहुंचते ही क्लब में अफ्रा-तफ्री मच गई। कई युवक-युवतियां पीछे के दरवाजे से भागने की कोशिश करते हुए भी देखे गए।यह कार्रवाई रात करीब 12:15 बजे के बाद की गई, जब क्लब को बंद हो जाना चाहिए था। पुलिस ने मौके से कई युवाओं को हिरासत में लिया और क्लब संचालकों को नोटिस थमाया है।

## मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने स्वास्थ्य शिविर में दी भागीदारी, अग्रसेन जयंती कार्यक्रम में हुई शामिल

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज भटगांव विधानसभा अंतर्गत भैयाथान में कई कार्यक्रमों में भाग लेकर क्षेत्रवासियों से संवाद स्थापित किया और विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े इस दौरान ग्राम बंजा के उपस्वास्थ्य केंद्र में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को निःशुल्क परामर्श एवं उपचार की सुविधा दी गई, जिससे लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिला।

मंत्री भैयाथान स्थित मंगल भवन में आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह में भाग ली। समाज के प्रबुद्धजनों एवं नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्य रूप दिया।



इस अवसर पर मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा, ÷अग्रसेन महाराज के आदर्शों को जीवन में अपनाकर हम समाज में भाईचारे, समानता और सह-अस्तित्व की भावना को मजबूत कर सकते हैं। हमें समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।÷

भैयाथान प्रवास के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय, विकासखंड कार्यालय एवं शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों से विभिन्न कार्यों की जानकारी ली और विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की।

## नक्सलवाद के अंत की ओर बढ़ रहा है छत्तीसगढ़

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी सफलता मिली है। रविवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस कार्रवाई की जानकारी एक्स (पूर्व में ट्विटर) के माध्यम से साझा की। उन्होंने लिखा कि यह सफलता केवल नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में एक निर्णायक पड़ाव नहीं है, बल्कि प्रदेश में शांति, सुरक्षा और विकास की प्रक्रिया को भी गति प्रदान करती है।

साय के अनुसार, डबल इंजन सरकार के निरंतर प्रयासों से प्रदेश में नक्सलवाद का अंत अब पहले से कहीं अधिक निकट और निश्चित होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के साथ मार्च 2026 तक नक्सलमुक्त भारत का संकल्प अवश्य साकार होगा।

## बडिंग शेफकॉम्पिटिशन'' में आईएचएम रायपुर को लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान

**रायपुर।** राष्ट्रीय क्षितिज पर आदिवासी समाज के व्यंजनों को नई पहचान मिल रही है। हैदराबाद में आयोजित ''बडिंग शेफ कॉम्पिटिशन'' में आईएचएम रायपुर की टीम ने छत्तीसगढ़ के आदिवासी समुदाय के पारंपरिक व्यंजनों को आधुनिक स्वरूप में प्रस्तुत कर लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस कॉम्पिटिशन में देशभर के आईएचएम के छात्रों ने हिस्सा लिया।



पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने कहा है कि ÷बडिंग शेफकॉम्पिटिशन'' में आईएचएम रायपुर के छात्रों ने अपनी अनूठी पाक कला को आधुनिक अंदाज में प्रस्तुत कर निर्णायक मंडल को बेहद प्रभावित किया। ÷यह उपलब्धि पूरे राज्य के लिए गर्व का क्षण है।÷ सम्मान समारोह में सेलिब्रिटी शेफहरपाल सिंह सोखी ने विजेता टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने छात्रों की रचनात्मकता और छत्तीसगढ़ की समृद्ध खाद्य संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की पहल भारतीय खानपान की असली पहचान को सामने लाती है।

उल्लेखनीय है कि पर्यटन मंत्री ने राज्य के आदिवासी युवक-युवतियों को होटल मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट रायपुर में निःशुल्क ट्रेनिंग हेतु प्रशिक्षण में होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति बस्तर तथा सरगुजा विकास प्राधिकरण के माध्यम से किए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे।

आईएचएम रायपुर के प्रिंसिपल श्री विवेक आचार्य ने कहा कि ÷यह सफलता हमारे छात्रों की मेहनत, लगन और टीम भावना का परिणाम है। भारतीय पारंपरिक व्यंजनों को आधुनिक रूप में प्रस्तुत कर वैश्विक मंच तक पहुंचाया जा सकता है।÷ शतप्रतिशत प्लेसमेंट रिकार्ड के साथ एक और उपलब्धि संस्थान के साथ जुड़ गई है।

## राजधानी से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में बिल्डर कालोनी बसाने के नाम पर कर रहे कब्जा

### अनुज्ञा विकास पत्र लेकर बना रहे आवासीय कालोनियां

### पश्चिम विधायक के निकटतम राकेश सरावी ने अमलीडीह में कालोनी बनाने मांगी अनुमति



**रायपुर ।** राजधानी में इन दिनों भूमाफिया सक्रिय हो गये है। विकास अनुज्ञा पत्र लेकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि योग्य जमीन में कालोनाइजर लाइसेंस लेकर आवासीय बनाने का खेल शुरू हो गया है। गुढ़ियारी के पास सोनडोंगरी में एक नामी बिल्डर के द्वारा दस एकड़ में ऐसे ही कालोनी बनाई जा रही है। इसके अलावा धमतरी रोड तथा नये धमतरी रोड एवं अन्य स्थानों पर आवासीय कालोनी वालों की पौबारह हो गई है।

नगर निगम के नगर निवेशक से मिली जानकारी के अनुसार इस समय कालोनाइजर लाइसेंस लेकर विकास अनुज्ञा पत्र लेकर कृषि योग्य भूमि पर आवासीय कालोनी बनाने का खेल चल रहा है। राजधानी के अनेक बिल्डर जिन्हें राजनेताओं का आशीर्वाद प्राप्त है। इस समय आवासीय कालोनी बनाने के लिए सक्रिय हो गये है। वर्ष 2013 के कालोनाइजर्स लाइसेंस के अनुसार गरीबों तथा निम्न आय वर्गो के लिए भूखंडों का आरक्षण किया जाता है। इस तरह के कई आवेदन प्राप्त हो गये है।

पश्चिम विधायक के करीबी बिल्डर बना रहे कालोनियां

रायपुर पश्चिम क्षेत्र के विधायक के एक करीबी बिल्डर के द्वारा इस समय कोटा भारतमाता चौक गोंदवारा सहित अनेक क्षेत्रों में अवैध कालोनियां बनाई जा रही है। विधायक जो कि पूर्व में लोकनिर्माण मंत्री रह चुके है इस क्षेत्र में बड़ी बड़ी सड़कें बना दी है जिसके चलते यहां पर जमीन का भाव बढ़ गये हैं। गोंदवारा में एक और बड़े बिल्डर के सक्रिय होने से यहां पर जमीन का रेट बढ़ गया है। तीसरी बाईपास इस समय ग्राम तेंदूआ तथा अटारी से होकर जा रहा है वहीं बिलासपुर से राजू ढाबा से एक सड़क निकाली गई है इसके चलते यहां पर भी कई बिल्डर कचना तथा हाउसिंग बोर्ड कालोनी के आसपास सक्रिय हो गये है। नगर निवेश अधिकारी के अनुसार उनके पास आर के इंफ्रास्ट्रेक्चर के भागीदार राकेश सरावी द्वारा ग्राम सोनडोंगरी में दस एकड़ जमीन खसरा नंबर 1500 रकबा 10 हेक्टर में कालोनी विकास अनुमति जारी की जा रही है। नगर निवेशकों में उक्त कालोनी के विकास कार्य हेतु निम्न लिखित भूखंड समाज के निम्न आय वर्गों हेतु आरक्षित किये गये हैं। बंधक भूखंडों का वितरण विस्तारपूर्वक दिया गया है। इनकी संख्या 52 है। जो कि 6048 वर्ग मीटर में बनाई जाएगी। वहीं निम्न आय वर्गों के लिए आरक्षण किया गया है। महापौर के एक निकटतम रिश्तेदार भी कृष्ण सखा सोसाइटी डीडी नगर गृहनिर्माण समिति में भूखंड के खरीदी बिक्री में लाखों रुपये पीट रहे हैं। इस समय राजस्व की धाराओं का लाभ उठाया जाता है। सिलिंग एक्ट के नाम पर भी कई सोसाइटियों के मामले हाईकोर्ट में लंबित है।

## बस्तर दशहरा जहां अपनी समृद्ध विरासत, रोमांचक रस्मों के लिए प्रसिद्ध है,

**रायपुर।** वहीं बस्तर दशहरा की शुरुआत और नवरात्रि के पूर्व किन्नर समुदाय की एक परंपरा भी कम रोमांचक और विसमयकारी नहीं है।सोलह श्रृंगार किए किन्नरों का समूह जब जगदलपुर स्थित देवी दंतेश्वरी के मंदिर में पहुंचा तो वहां अद्भुत दृश्य बन गया। किन्नरों ने देवी की महिमा का बखान करते हुए भजन गाए और देवी की आरती उतारी। किन्नरों की इस परंपरा और रिवाज के साक्षी बस्तर रेंज के आईजी सुंदर राज पी., कलेक्टर हरिस एस. और एसपी शलभ सिन्हा भी साक्षी बने। इस दौरान मंदिर परिसर के आसपास तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।बस्तर बहुचरा किन्नर समाज सेवा प्राधिकरण जगदलपुर के संयोजन में पिछले कुछ दशकों से यहां शोभायात्रा निकाल कर माता दंतेश्वरी को चुनरी चढ़ाने की परंपरा शुरू की गई है। इसमें बस्तर संभाग सहित आसपास के जिलों के किन्नर भी बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी बीती रात्रि किन्नरों के अलग अलग संगठनों ने चुनरी यात्राएं निकाली और लगभग एक ही समय पर सभी संगठनों के किन्नर मंदिर पहुंच गए। सात घोड़ों के रथ पर सवार किन्नर भजनों पर नाचते नजर आए। नगर की कुछ बच्चियां भी नाचती झुमती दिखीं। किन्नर चुनरी, फूलों और पूजा सामग्री से भरी टोकरियां सिर पर रखकर मंदिर पहुंचे थे। चुनरी शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करती हुई दंतेश्वरी माई के मंदिर पहुंची। वहां हर हर महादेव, जय मातादी, जय श्रीराम, राधे राधे, जय सिया राम के जयकारे लगाते हुए किन्नरों ने दंतेश्वरी माता को चुनरी चढ़ाई। इस दौरान सोने के गहनों से लदे, सजे, संवरे किन्नरों ने माता की महिमा पर आधारित भजन गए, ठुमके लगाए और मातारानी की आरती उतारी। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं भी मंदिर परिसर में उपस्थित थीं। युवतियां इस नजारे को अपने मोबाइल फेन के कैमरों में कैद करती रहीं।जबरदस्त पुलिस व्यवस्था मौजूद रही।

## संपादकीय

# मोदी राज में स्वर्णिम साबित होता खेल क्षेत्र

मोदी सरकार की खेल नीति के चलते भारत के युवाओं में खेल को लेकर एक नई प्रेरणा जागृत हुई है। भारतीय खेलों के लिए बीता रविवार यानी 14 सितम्बर का दिन स्वर्णिम साबित हुआ। दिन की शुरुआत महिला बॉक्सर जेस्मीन लंबोरिया और मीनाक्षी हुड्डा के स्वर्णिम पंच से हुई। इसके बाद देश में खुशी का माहौल बनाने वाली खबर दुबई से आई।भारत ने वहां चल रहे क्रिकेट एशिया कप में अपनी परंपरागत प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को फतह ही नहीं किया, बल्कि यों कहें कि एकदम से ध्वस्त कर दिया। वैसे तो पहलगाम घटना की वजह से देश में एक वर्ग पाकिस्तान से खेलने का विरोध कर रहा था। पर सरकार ने आईसीसी टूर्नामेंटों में खेलने की नीति की वजह से इसमें खेलना स्वीकार किया। पर भारतीय टीम ने एकतरफा अंदाज में जीत पाकर देश के क्रिकेटप्रेमियों को खुश कर दिया। वहीं जीत के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इनकार करके अपना विरोध भी जता दिया।




# वेद उपनिषद ज्ञान और सन्मार्ग के बड़े स्रोत

## जीवन के परिष्करण का मार्ग धर्मग्रंथ।

(संजीव की कलम से)

भारतीय ऋग्वेद अथर्ववेद और अनेक वेदों में इतनी शक्ति ऊर्जा और अर्थ छुपा हुआ है कि उसका अध्ययन मनन और चिंतन करने से भारत विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है। भारत की योग विद्या पूरे विश्व में अमेरिका सहित यूरोप में अपनाई गई है। यह अलग बात है कि कुछ देशों के प्रशासको द्वारा अपनी सनक एवं विस्तार वादी मानसिकता के कारण यूक्रेन में युद्ध की स्थिति बन कर पूरे विश्व में वैश्विक युद्ध की संभावनाएं बन गई हैं। इसका हल मी भारतीय संस्कृति सनातन ग्रंथों और संस्कारों में छुपा हुआ है उसे बस आद्योपांत अपनाने की जरूरत है। भारतीय संस्कृति आज महावीर तथा बुध के पूरे विश्व में करोड़ों अनुयाई हैं, और दोनों ने श्रम तथा सार्थकता को जीवन में अपनाने को ही महत्व दिया था। सफ्लता उनके लिए मिथ्या के बराबर ही थीद्य

गुरु नानक देव द्वारा प्रतिपादित सरबत दा भला, हो या महात्मा गांधी का सर्वोदय, ईसा मसीह की करुणा, मोहम्मद साहब, टैगोर का मानवतावाद या नेहरू का अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रवाद जीवन के श्रम तथा सार्थकता की खोज और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक शांति की खोज संदर्भ में बड़े महत्वपूर्ण उदाहरण हैद्य व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर देखा जाए तो महज रोजगार की तलाश विवाह संतानोत्पत्ति,बच्चों का भरण पोषण तथा सेवानिवृत्ति ही जीवन नहीं है। इसमें सामुदायिक श्रम और सार्थकता का समावेश होना समीचीन हैद्य हालांकि इस बात में कोई दो मत नहीं कि पारिवारिक उत्तरदायित्व का निर्वहन समाजिक मूलभूत आवश्यकता हैद्य पर इसके साथ साथ कुछ ऐसा सार्थक श्रम किया जाना चाहिए जो न केवल आत्मिक संतोष का अनुभव प्रदान करें, बल्कि सामाजिक हित और वैश्विक शांति में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें, और समाज को दिशा देने वाली कोई परिणति समाज के सम्मुख प्रकट होद्य

जिससे समाज के लोगों का जीवन परिष्कृत होद्य इसी संदर्भ में राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सर सैयद अहमद खान,दयानंद सरस्वती, विवेकानंद ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाकर जीवन में श्रम तथा सार्थकता का महत्व बढ़ाकर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया था।

यह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है कि जीवन की असली खोज श्रम सार्थकता की उपलब्धि ना होती और तथाकथित सफ्लता के शिखर पर व्यक्ति बैठ जाता है और शांत हो जाता,तो सफ्लता के शिखर पर बैठे बिलगेट, वारेन बुफेट जैसे लोग अपनी अकूत संपत्ति का बड़ा भाग सामाजिक उद्देश्य के लिए दान नहीं करते। सुंदरलाल बहुगुणा चिपको आंदोलन चलाकर जल तथा पर्यावरण संरक्षण की बात नहीं करते। कैलाश सत्यार्थी बचपन बचाओ आंदोलन के माध्यम से बाल संरक्षण के अधिकारों का झंडा बुलंद नहीं कर पाते। थॉमस अल्वा एडिसन, आइंस्टीन,मैडम क्यूरी और राइट बंधुओं के श्रम और सार्थकता के प्रयास में ही सफ्लता का परचम फैलाया है। पर इन सब के पीछे उनकी असाध्य मेहनत और दिमागी सार्थकता ही मुख्य कारक बन कर उन्हें उत्प्रेरित करती रहे है।

पर दूसरी तरफ यह भी सत्य है कि जीवन में सार्थकता की खोज सफ्लता के अभाव में संभव नहीं है। क्योंकि श्रम और सार्थकता का महत्व तभी तक है जब तक वह सफ्ल ना हो,परंतु सफ्लता ही मनुष्य की अंतिम परिणति नहीं होनी चाहिए। अन्यथा जीवन में मानवीय मूल्यों का महत्व नगण्य में होने की संभावना बनी रहती है। अतः श्रम मेहनत और सार्थकता समेकित रूप से मिलकर एक बड़ी सफ्लता को जन्म देते हैं। **यह निजी विचार है।**

# मोदी का ट्रैम्पोलिन-क्या हम छलांग लगा पाएंगे?

**सदगुरू जग्गी वासुदेव**



पिछली शताब्दियों में मानवता ने जो चुनाव किए हैं, वे हमें संकट की कगार पर लेकर आए हैं। जिस तरह से हमने अपनी अर्थव्यवस्थाओं, अपने पर्यावरण और पारिस्थितिकी, अपनी शिक्षा और सामाजिक व्यवस्था, अपने युवाओं और अगली पीढ़ी के पालन-पोषण को संभाला है, उसने हमें हमें इस अस्थिर स्थिति तक पहुंचा दिया और दुनिया को संकट की दहलीज पर ला खड़ा किया है। आज अलग-अलग जगहों पर युद्ध, अस्थिर आर्थिक ढांचे, तेज़ी से बिगड़ती पारिस्थितिकी और बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं, मानसिक स्वास्थ्य महामारी और नशे की लत जैसी समस्याएं, ये सब इसके प्रमाण हैं।

इसका मतलब विनाश और निराशा की तस्वीर पेश करना नहीं है। बदलाव की स्थिति, दरअसल संभावनाओं की स्थिति होती है। आज जो फैसले हम करेंगे, वे हमें या तो बड़े परिवर्तन की ओर ले जा सकते हैं या फिर पतन की ओर धकेल सकते हैं। 8.5 अरब की आबादी के साथ हम एक भारी-भरकम मानव जाति हैं, लेकिन अभी तक उस चेतना के स्तर तक नहीं पहुंचे हैं, जहां हम एकजुट होकर सामूहिक निर्णय ले सकें।

हम सरकारों, क़ानूनों और नेतृत्व पर भरोसा करते हैं कि वे पूरी दुनिया को दिशा दें। ऐसे समय में यह बहुत अहम है कि हम अपने लिए किस तरह का नेतृत्व चुनते हैं। अगर हम पृथ्वी का एक टिकाऊ और सुंदर भविष्य चाहते हैं, तो हमें वसुधैव कुटुम्बकम के आदर्श को सही मायने में अपनाना होगा। यह उपयुक्त है कि भारत, जिसने हमेशा सबको जोड़कर रखने की भावना को महत्व दिया है, ने नरेंद्र मोदी जैसे नेता को चुना है, जो इन मूल्यों को गहराई से मानते हैं। कई मायनों में भारत ने ऐसा नेतृत्व सामने रखा है जो उसकी आत्मा, उसकी संस्कृति और संस्कारों से मेल खाता है। यह बहुत ज़रूरी है। सिर्फ इसलिए नहीं कि समावेशिता सही रास्ता लगती है, बल्कि इसलिए कि आने वाले समय में समावेशिता ही एकमात्र रास्ता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार दुनिया के सामने एक अधिक समावेशी और सहयोगी मानवता का रास्ता दिखाया है। अफ़्रीकन यूनियन को त20 में शामिल कराने की पहल हो, ग्लोबल साउथ के नेतृत्व की भूमिका, वन वर्ल्ड, वन सन, वन ग्रिड जैसी विशाल नवीकरणीय ऊर्जा योजना, पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देने की नीति, संकट के समय सबसे पहले मदद पहुंचाने वाला देश बनना, या फिर महामारी के दौरान 96 देशों को मानवीय सहायता देना, इन सबमें भारत ने यह साबित किया है कि असली मायने काम में होते हैं, और हम छोटे-छोटे निजी लाभ की अपेक्षा मानवता को अधिक महत्व देते हैं।

समावेशिता का यह गुण नरेंद्र भाई की नेतृत्व शैली में भी स्पष्ट दिखाई देता है। मन की बात पहल शासन की विशाल व्यवस्था में भले ही एक छोटा हिस्सा लगे, लेकिन इसका संदेश गहरा है। आम नागरिक से सीधा संवाद करके वे उनकी कहानियों, संघर्षों और योगदान को पहचानते और सम्मानित करते हैं। यही जुड़ाव उन्हें ज़मीन से जोड़े रखता है और यह सुनिश्चित करता है कि उनकी नीतियां जनता की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप हों।

मैं योग को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में उनकी भूमिका की गहराई से सराहना करता हूं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की घोषणा करवा कर उन्होंने योग के प्रति दुनिया में अद्भुत रुचि जगाई है और यह बताया है कि योग मनुष्य के जीवन में कितनी भलाई ला सकता है। आज के समय में यह और भी जरूरी है, क्योंकि योग की विधियां मानसिक और शारीरिक चुनौतियों से निपटने का सबसे असरदार उपाय हैं। हर इंसान के लिए यह आवश्यक है कि वह रोज़ कम से कम कुछ मिनट योग या ध्यान को अपनाए, ताकि अपने भीतर स्थिरता और विकास का मजबूत आधार बना सके।

भारत का सभ्यता-राज्य आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां से वह अपनी असली क्षमता को पहचानकर एक गौरवशाली भविष्य की ओर बढ़ सकता है। अब तक हमने अपनी आर्थिक प्रगति में अभूतपूर्व कार्य और प्रगति देखी है, बुनियादी ढाँचे, अंतरिक्ष, रक्षा, कृषि और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में तेजी देखी है। साथ ही, हम आत्मनिर्भरता, भू-राजनीतिक लचीलेपन और शक्ति की दिशा में अपनी नीतियों के कुशल संचालन के भी साक्षी रहे हैं।

हालांकि, एक राष्ट्र के रूप में हमें अभी भी बहुत कुछ करना है। आने वाली पीढ़ी का सही मार्गदर्शन और पोषण हमारे विकास की कुंजी है। हम नहीं चाहते कि भारत की बढ़ती युवा आबादी इस सुनहरे अवसर को खो दे। अब समय आ गया है कि हम समाजवाद के अधूरे आदर्शों की आखिरी बेड़ियां तोड़ दें, जिन्होंने पिछले दशकों को जकड़ रखा था, और भारत के नागरिकों को अपने भविष्य के निर्माता बनने के लिए आमंत्रित करें। बुनियादी ढांचे से लेकर एआई तक, व्यापार से लेकर रक्षा तक, शिक्षा से लेकर उद्योग तक, हमें जनता को इसे सुपरसोनिक गति से आगे बढ़ाने का काम सौंपना होगा। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान शासन द्वारा यह विश्वास वास्तव में प्रदर्शित किया जा रहा है, लेकिन असली परीक्षा लोगों द्वारा इस विश्वास को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करने और अपनी क्षमता साबित करने की है।

भारत में न केवल अपने सच्चे गौरव के युग में प्रवेश करने की क्षमता है, बल्कि मानवता को उस युग में ले जाने की भी क्षमता है। हमारे पास एक योग्य, साहसी और निस्वार्थ व्यक्ति है, लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि राष्ट्र केवल ज़मीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि वहां रहने वाले लोग ही उसका असली रूप होते हैं। यह भारत के नागरिकों पर निर्भर है कि वे सुशासन और अवसर के मंच का उपयोग करके अपने इच्छित स्वर्णिम भविष्य का निर्माण करें। आइए, इसे साकार करें!

**यह निजी विचार है।**

# राष्ट्र अब नक्सलवाद के अंतिम दौर की ओर

**योगेश कुमार गोयल**

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में 11 सितम्बर को सुरक्षा बलों द्वारा किए गए ऑपरेशन में बड़े पैमाने पर सफलता हासिल हुई है, जिसमें सीसी सदस्य मनोज उर्फ बालकृष्ण सहित दस दुर्दांत नक्सली मारे गए।

यह मुठभेड़ शोभा और मैनपुर थाना क्षेत्र के जंगलों में हुई जिसमें एक करोड़ के इनामी तेलंगाना के वारंगल निवासी 58 वर्षीय मोडेम बालकृष्ण के मारे जाने की पुष्टि स्वयं एसपी निखिल राखेचा ने की। नक्सलियों के खिलाफ इस बड़ी कार्रवाई के महत्त्व को समझने के लिए हालिया महीनों में छत्तीसगढ़ और देश भर में नक्सलियों के खिलाफ हुए अभियानों की समीक्षा जरूरी है।

मई माह में नारायणपुर-अबूझमाड़ क्षेत्र में लगभग पचास घंटे चले ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने डेढ़ करोड़ के इनामी और माओवादियों के महासचिव नंबाला केशव उर्फ बसवराजू को मार गिराया था। उसकी मौत के बाद नक्सलियों ने लगभग छह करोड़ के इनामी देवजी उर्फ संजीव उर्फ पल्लव को संगठन का नया महासचिव नियुक्त किया जबकि दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के सचिव पद की जिम्मेदारी भीषण माओवादी कमांडर माडवी हिडमा को दी गई। देवजी, जो करीमनगर (तेलंगाना) के दलित परिवार में जन्मा, बीते साढ़े तीन दशकों से नक्सलवाद से जुड़ा है। उस पर देश के विभिन्न राज्यों में छह करोड़ रु पये से अधिक का इनाम घोषित है। इसी प्रकार माडवी हिडमा, बस्तर के बीजापुर जिले के पुवर्ती गांव का निवासी, नक्सलियों की रणनीति और बड़े हमलों के लिए कुख्यात है।

बीते डेढ़ वर्ष में छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ने 453 नक्सलियों को मार गिराया है जबकि 1602 ने आत्मसमर्पण किया और 1591 को गिरफ्तार किया गया। औसतन रोजाना छह नक्सलियों को पकड़ा जा रहा है, और एक से ज्यादा को मुठभेड़ में मार गिराया जाता है। गृह मंत्रालय के अनुसार, 2024 में देश भर में सुरक्षा बलों ने 290 नक्सलियों को मार गिराया, 1090 को गिरफ्तार किया, और 881 ने आत्मसमर्पण किया। 2025 के पहले चार महीनों में ही 148 माओवादी ढेर हुए, 104 की गिरफ्तारी हुई और 164 ने आत्मसमर्पण किया। अकेले बस्तर क्षेत्र में अनेक बड़े ऑपरेशन हुए हैं, जिनमें 29 नक्सलियों को कांकेर जिले (16 अप्रैल 2024) में, 31 को बीजापुर जिले (9 फरवरी 2025) में मारा गया।

सुरक्षा अभियानों की आक्रामक रणनीति के चलते नक्सली संगठनों की रीढ़ टूट रही है, और



उनका जनसमर्थन तेजी से कमजोर पड़ रहा है। आंकड़ों की गणना करें तो पिछले एक वर्ष में देश भर में सुरक्षा अभियानों के दौरान कुल 357 नक्सलियों की मृत्यु हुई जिनमें 136 महिला नक्सली, चार केंद्रीय कमेटी सदस्य और 15 राज्य कमेटी के वरिष्ठ सदस्य शामिल हैं। दंडकारण्य क्षेत्र में ही 281 नक्सली मारे गए। छत्तीसगढ़, झारखंड, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, ओडिशा जैसे राज्यों की जमीनी हकीकत यह है कि अब माओवादी सीमित क्षेत्रों में छिपे हैं जबकि पहले देश के 38 जिले पूरी तरह नक्सल प्रभावित थे, अब यह संख्या घट कर छह जिलों तक सीमित रह गई है।

केंद्र सरकार का उद्देश्य मार्च, 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से पूर्णतया मुक्त करना है। इसके लिए दोहरी नीति अपनाई जा रही है-सख्त सुरक्षा कार्रवाई और बहुआयामी विकास योजनाएं। छत्तीसगढ़ में आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए देश की सबसे बेहतर पुनर्वास नीति लागू की गई है, तीन साल तक प्रति माह दस हजार रुपये प्रोत्साहन राशि, कौशल विकास प्रशिक्षण, स्वरोजगार, नकद इनाम, कृषि या शहरी भूमि का आवंटन। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्पष्ट किया है कि अब बंदूक की जगह किताबों का स्थान है, और सड़कों की गूंज सुनाई दे रही है। 'नियद नेल्ला नार' योजना के तहत बस्तर के दूरदराज गांवों में सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, कार्ड, किसान क्रेडिट, प्रधानमंत्री आवास, मोबाइल टावर, वन अधिकार पट्टों जैसी सुविधाएं सुलभ कराई जा रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक, अबूझमाड़ के रेकावाया गांव में पहली बार स्कूल खुल रहा है, जहां कभी नक्सली स्वयं स्कूल चलाते थे। बंद पड़े करीब पचास स्कूल दोबारा चालू किए गए हैं, नये भवन तैयार हो रहे हैं, और शिक्षा-स्वास्थ्य की सुविधाएं सुदूर इलाकों में पहुंच रही हैं। इसी तरह, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर तक योजनाएं पहुंचाई जा रही हैं, स्कूल, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य शिविर सक्रिय किए गए हैं।

नक्सलवाद का विश्लेषण किया जाए तो बीते छह दशकों में उसने भारत के लोकतंत्र को बार-बार चुनौती दी है। 2004-14 के बीच तेरह हजार से अधिक हिंसक घटनाएं, सैकड़ों सुरक्षाकर्मियों तथा नागरिकों की मृत्यु हुई लेकिन 2014 से 2024 के बीच इन घटनाओं में उल्लेखनीय गिरावट आई है। हिंसक घटनाएं घटकर लगभग आधी रह गई हैं, सुरक्षाकर्मियों की मौतें 73 प्रतिशत और नागरिकों की मौतें 70 प्रतिशत कम हुई हैं। हालांकि नक्सलियों की विचारधारा लोकतंत्र, संविधान और न्यायपालिका को अस्वीकार करती है, वे हिंसा को जनता की आवाज बता कर खुद को वैध ठहराने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सुरक्षा बलों, सरकार और समाज तीनों की जिम्मेदारी और मुस्तैदी बढ़ जाती है। नक्सल समर्थक शहरी नेटवर्क, एनजीओ, वकीलों, शिक्षकों आदि पर भी सरकार कठोर कार्रवाई कर रही है। शहरी नेटवर्क को खत्म करने और वैचारिक आतंकी ढांचे को धराशायी करने के लिए पुलिस, सुरक्षा बल और सरकार द्वारा संयुक्त रूप से अभियान जारी हैं। स्पष्ट है कि राष्ट्र अब नक्सलवाद के अंतिम दौर की ओर है। विकास और सुरक्षा की समन्वित नीति, लगातार अभियानों, पुनर्वास योजनाओं और जनता की सोच में बदलाव ने नक्सली नेतृत्व, कैडर और संरचना को लगातार कमजोर किया है। यदि यही गति बनी रही तो मार्च, 2026 तक भारत को पूरी तरह नक्सल मुक्त घोषित करना संभव हो जाएगा। इस खूनी विचारधारा से देश को मुक्ति दिलाना ही लोकतंत्र की सच्ची विजय है, वह लोकतंत्र, जिसने दशकों तक हिंसा, विद्रोह और आतंक से जूझते हुए आज विकास, शिक्षा और स्थायी शांति की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ाया है। **(लेख में व्यक्त विचार निजी हैं)**

# हिमाचल प्रदेश से नरेन्द्र मोदी का अटूट रिश्ता

**प्रेम कुमार धूमल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीवन यात्रा - एक समर्पित कार्यकर्ता से लेकर देश के सर्वोच्च नेतृत्व तक - भारत के विभिन्न अंचलों से उनके गहरे जुड़ाव की कहानी है। इन जुड़ावों में से एक विशेष व्यक्तिगत, राजनीतिक और आध्यात्मिक संबंध हिमाचल प्रदेश से रहा है। देवभूमि, वीरभूमि और अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य की धरती। देश की बागडोर संभालने से बहुत पहले ही, नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल की पवित्र वादियों पर अपनी छाप छोड़ दी थी।

मोदी का हिमाचल से औपचारिक जुड़ाव वर्ष 1994 में हुआ, जब उन्हें भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया। नियुक्ति से पहले भी उनकी हिमाचल यात्राएँ आध्यात्मिक साधना और स्थानीय संस्कृति से गहरे संपर्क का माध्यम रही थीं। वे शिमला के जाखू और संकटमोचन मंदिरों में अक्सर जाया करते थे और मार्ग में बंदरों को खिलाने के लिए चना और गुड़ अपने साथ रखते थे - यह उनके जीवों एवं प्रकृति के प्रति करुणा भाव का परिचायक था।

1998 का विधान सभा चुनाव नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं हिमाचल से उनके जमीनी जुड़ाव का परिचायक रहा। उस दौर में न सोशल मीडिया था और न आधुनिक प्रचार साधन, फिर भी उन्होंने कहीं यात्राएँ निकालीं और जनसंपर्क के अभिनव तरीके खोज निकाले एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह जगाया। साथ ही स्थानीय संस्कृति को सम्मान देते हुए अनोखे स्वागत द्वार बनवाए। चंबा में उनकी ही पहल पर बना %गद्दी शॉल गेट% न सिर्फ स्थानीय गौरव का प्रतीक बना, बल्कि भाजपा का संदेश सीधे जनता के दिल तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम सिद्ध हुआ।

हिमाचल से नरेन्द्र मोदी का जुड़ाव केवल संगठन और राजनीति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यहाँ की प्रकृति और लोगों से उनका गहरा आत्मीय संबंध भी समय-समय पर सामने आया है। नरेन्द्र मोदी अकसर हिमाचल प्रदेश में बिजली महादेव के दर्शन करने को जाते थे, जो वहाँ के स्थानीय देवता हैं। मार्ग में वह ग्रामीणों से सहजता से बातचीत करते और उनके अनुभवों व परिस्थितियों को समझने में रुचि दिखाते थे। मंदिर पहुँचने के बाद मोदी न केवल दर्शन करते, बल्कि आसपास के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद भी लिया करते थे।

उन्होंने हिमाचल भाजपा संगठन को मजबूती और नई ऊर्जा देने में अहम भूमिका निभाई। कार्यकर्ताओं को राजनीति में अधिक अनुशासित, संगठित और गंभीर बनाने का श्रेय भी उन्हें जाता है। पुराने कार्यकर्ता याद करते हैं कि प्रभारी के रूप में उन्होंने सबसे पहले प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक, जो पहले आधे दिन की औपचारिक प्रक्रिया हुआ करती थी, उसे दो दिन की आवासीय पद्धति में बदल दिया। यही कदम संगठन को सशक्त करने की मजबूत नींव बना। उन्होंने हिमाचल के भाजपा संगठन को मजबूत बनाने और उसमें नई ऊर्जा का संचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कार्यकर्ताओं को राजनीति में अधिक व्यवस्थित और गंभीर दृष्टिकोण अपनाने के लिए तैयार किया। एक वरिष्ठ कार्यकर्ता स्मरण करते हैं कि प्रभारी के रूप में आते ही उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक, जो पहले केवल आधे दिन की औपचारिकता होती थी, उसे दो दिन का आवासीय कार्यक्रम बनाकर संगठन को मजबूत करने की ठोस नींव रखी। उन्होंने हिमाचल संगठन में कार्यकर्ताओं से सहयोग लेकर कार्य करने की परंपरा की शुरुआत की, जिसका जीवंत उदाहरण शिमला का कार्यालय %दीपकमल% है। इसका निर्माण और उद्घाटन उनके प्रभार काल में हुआ, जिसमें उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनकी माता जी उनको खर्च करने के लिये जो पैसे देती थी, प्रदेश कार्यालय निर्माण के लिये उन्होंने वो पैसे पार्टी को दे दिये जिसके कारण अन्य कार्यकर्ता भी योगदान देने के लिये प्रेरित हुये। उन्होंने न केवल कार्यालय के निर्माण में मार्गदर्शन और सहयोग दिया, बल्कि हिमाचल के कार्यकर्ताओं को इसे कंप्यूटर के उपयोग के साथ आधुनिक स्वरूप देने के लिए भी प्रेरित और प्रशिक्षित किया।

जब 1998 में हिमाचल विधानसभा समय से पहले भंग हुई, तब मोदी की राजनीतिक सूझबूझ ने सबको चकित कर दिया। उन्होंने भाजपा और हिमाचल विकास कांग्रेस (एचवीसी) के बीच गठबंधन कराया, निर्दलीय विधायक का समर्थन सुनिश्चित किया और यहाँ तक कि कांग्रेस नेता ठाकुर गुलाब सिंह को स्पीकर पद के चुनाव में उतरने के लिए तैयार कर लिया। इसके परिणामस्वरूप कांग्रेस की संख्या घटी और प्रेम कुमार धूमल के नेतृत्व में भाजपा-एचवीसी सरकार का गठन संभव हो सका। यह उनके अद्वितीय रणनीतिक कौशल का प्रमाण था। **यह निजी विचार है।**

# माँ के नाम एक पेड़ : अटल विचारों संग पर्यावरण का संकल्प





लोक शक्ति।

**राजनांदगांव।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी उत्तर मण्डल द्वारा आज वर्धमान नगर स्थित अटल परिसर में ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके उपरांत वृक्षारोपण का कार्य संपन्न हुआ।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष श्री खूबचंद पारख जी, महापौर श्री मधुसूदन यादव जी, प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक डोंगरगढ़ श्री रामजी भारती जी, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत जी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष श्री सचिन सिंह बघेल जी, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री अशोक चौधरी, नगर निगम अध्यक्ष श्री पारस वर्मा जी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष श्री मुकेश बघेल, श्री अतुल रायजादा जी, श्री तरुण लहरवानी, पूर्व मंडल महामंत्री श्री हकीम खान, पूर्व नेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ पार्षद श्री शिव वर्मा जी, एमआईसी चेयरमैन श्री सावन वर्मा, श्री सुनील साहू, भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री मोनू बहादुर सिंह जी, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष द्वय श्री सज्जन सिंह ठाकुर व श्री प्रखर श्रीवास्तव जी, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री रघुवीर वाधवा जी एवं नगर निगम पार्षदगण, डॉ. संदीप भट्टाचार्य, श्री राजेंद्र जैन (बंटू), श्रीमती पूनम शर्मा, श्रीमती डॉ. तेजमाला देशमुख, श्रीमती सरिता उइके, कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती प्रेमा सोनकर, श्री पंकज कुंजरेकर, श्री आशु डहरिया, वार्ड पार्षद श्रीमती रेखा अभय पारख, मण्डल पदाधिकारी, महिला मोर्चा पदाधिकारी, युवा मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए अनेक पौधों का रोपण किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर सेवा पखवाड़ा पूरे देश में समाज सेवा और जनहित के कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है। वृक्षारोपण जैसे कार्य न केवल पर्यावरण संरक्षण का संकल्प हैं, बल्कि यह ÷सेवा ही संगठन÷ की भावना का सशक्त उदाहरण भी है। भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष श्री सुमीत सिंह भाटिया जी ने उपस्थित अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि–

÷वृक्षारोपण केवल पर्यावरण बचाने का संकल्प ही नहीं, बल्कि यह माँ की ममता और धरती के प्रति हमारा कर्तव्य भी है। सेवा पखवाड़ा हमें यह संदेश देता है कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग की सेवा और राष्ट्रहित में सदैव अग्रसर रहे। भाजपा परिवार इस अभियान को जन आंदोलन बनाने का कार्य निरंतर करता रहेगा।÷

# पीएम सूर्य घर–मुफ्त बिजली योजना के तहत डबल इंजन की सरकार दे रही डबल सब्सिडी

### श्री ललित चंद्राकर का बिजली बिल हुआ जीरो

**धमतरी,** । पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के तहत डबल इंजन की सरकार अब इस योजना का लाभ लेने वालो कों डबल सब्सिडी दे रही है। ज्यादा बिजली बिल का बोझ हर घर की जेब पर भारी पड़ता था। लेकिन अब इस समस्या का समाधान प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना के रूप में सामने आया है। इस योजना का उद्देश्य आम नागरिकों को बढ़े हुए बिजली बिल से राहत दिलाना है। वही उन्हें बिजली उपभोग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। इस योजना के तहत घरों की छत पर सोलर रूफटॉप स्थापित करने पर केंद्र और राज्य शासन द्वारा अनुदान राशि प्रदान की जा रही है। इससे उपभोक्ताओं को अपने बिजली बिल में राहत मिल रही है।

लोग अपनी जरूरत से अधिक बिजली का उत्पादन कर उसे ग्रिड को सप्लाई कर सकते हैं, जिससे न केवल उनका बिजली बिल शून्य हो रहा है। इसी योजना का लाभ उठाकर कुरुद निवासी ललित चंद्राकर ने बताया की तीन माह पूर्व अपने घर की छत पर 3 केवीसोलर रूफटॉप लगवाया। उन्होंने बताया कि संयंत्र चालू होने के साथ ही उनके घर में बिजली उत्पादन शुरू हो गया और पहले ही महीने से ही उनका बिजली बिल शून्य आ रहा है। चंद्राकर ने कहा कि सौर ऊर्जा के उपयोग से न केवल बिजली बिल का बोझ खत्म हुआ है, बल्कि इसके इस्तेमाल से प्राकृतिक संसाधनों की खपत भी कम होगी और पर्यावरण भी संरक्षित होगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत उन्हें 78,000 रुपए की सब्सिडी शासन से प्राप्त हुई है और इस सोलर पैनल पर 25' साल की गारंटी भी है। उन्होंने कहा कि मात्र 2 से 3 वर्षों में पूरी तरह लागत वसूल हो जाएगी और इसके बाद यह शुद्ध बचत का माध्यम बनेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की इस योजना को अत्यंत उपयोगी और सराहनीय पहल बताया।

उन्होंने कहा कि यह योजना हर घर को आत्मनिर्भर बनाने और अन्य ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता समाप्त करने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने लोगों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की लोगों से अपील करते हुए शासन का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना में पंजीयन और सब्सिडी प्राप्त करने की सरल प्रक्रिया है। उपभोक्ता को योजना की वेबसाइट या मोबाइल एप पर पंजीयन कर आवेदन करना होता है।



भाजपा सांसद और अभिनेत्री हेमा मालिनी मेरठ में एक आभूषण शोरूम के उद्घाटन के दौरान दीप प्रज्वलित करती हुई।




बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के साथ पटना में शहरी विकास और आवास विभाग की कई परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के दौरान वाहनों को हरी झंडी दिखाते हुए।

## रजत जयंती और 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत कारगिल उद्यान समेत शहर के विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण

**धमतरी।** नगर निगम धमतरी द्वारा रजत जयंती वर्ष और स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शनिवार को कारगिल उद्यान सहित कई स्थानों पर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जनजागृति फैलाना रहा।

नगर निगम द्वारा रजत जयंती वर्ष और स्वच्छता अभियान के अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थानों पर लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में महापौर, आयुक्त, सभापति, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। **हरियाली और स्वच्छता का संदेश** कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक प्रतीकात्मक क्रिया नहीं, बल्कि यह एक जिम्मेदारी है। पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता तभी सार्थक होगी जब हम न केवल पौधे लगाएं, बल्कि उनकी देखभाल कर उन्हें हरा-भरा बनाएं। अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छ और हरित शहर का सपना तभी पूरा हो सकता है जब प्रत्येक नागरिक स्वेच्छा से पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प ले।

**निरंतरता ही स्वच्छता की कुंजी** नगर निगम उपायुक्त ने नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन या एक अभियान की बात नहीं, बल्कि यह निरंतर चलने वाली जीवनशैली होनी चाहिए।

# एक्सिस बैंक ने पूरे भारत में ग्राहकों के लिए सीजन–भर के फेस्टिव ऑफर

### एक्सिस बैंक ने पूरे भारत में ग्राहकों के लिए सीजन-भर के फेस्टिव ऑफर के साथ 'दिल से ओपन सेलीब्रेशन्स 2025' की शुरुआत की

### खरीदारी, यात्रा, जीवनशैली, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य क्षेत्रों में लाभ

### नवरात्रि से क्रिसमस और उसके बाद तक उत्सव का उत्साह जारी रहेगा




रायपुर, 23 सितंबर, 2025 :

भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने ÷दिल से ओपन सेलिब्रेशन 2025÷ की घोषणा की है, जो एक उत्सव पहल है जिसे पूरे सीज़न में ग्राहकों को बेजोड़ मूल्य प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। ÷सिर्फ एक त्यौहार नहीं, पूरा त्यौहारी सीज़न चलेगा÷ की भावना को ध्यान में रखते हुए और इस दर्शन पर आधारित, बैंक खरीदारी, यात्रा और जीवनशैली से जुड़े कई व्यापक लाभ प्रदान कर रहा है।

सितंबर 2025 से शुरू होने वाले इस अभियान में कई महीनों तक बिना किसी रुकावट के फेस्टिव माहौल रहेगा, जिसमें रोमांचक छूट, कैशबैक ऑफर, रिवॉर्ड और खास पार्टनर डील शामिल हैं। यह पूरे सीजन के लिए ग्राहकों के लिए फेस्टिव माहौल, वैल्यू और फ़ायदों का एक सहज मिश्रण लेकर आता है, जो किसी एक त्योहार तक सीमित नहीं है। नवरात्रि और दिवाली से लेकर क्रिसमस और उसके बाद तक, हर फेस्टिव पल रिवॉर्ड और फ़ायदों से भरपूर होगा, जिससे जश्न बिना किसी रुकावट के जारी रहेगा। ग्राहकों को कई तरह के खास फ़ायदों तक पहुंच मिलेगी, जिसमें एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड और अन्य बैंकिंग प्रोडक्ट्स पर छूट, कैशबैक ऑफर, पार्टनर डील और रिवॉर्ड प्रोग्राम शामिल हैं। ये कई वर्गीकरण में दिए जा रहे हैं, जिनमें ई-कॉमर्स (अमेज़ॅन, फ्लिपकार्ट), इलेक्ट्रॉनिक्स (हायर, एलजी, सैमसंग, सोनी), मोबाइल (वनप्लस, मोटोरोला, श्याओमी), क्विक कॉमर्स (ब्लिंकिट, बिगबास्केट, इंस्टामार्ट), बिजनेस (जैक एंड जोन्स, वेरो मोडा, ओनली, सेलेक्टेड, शॉपर्स स्टॉप, टीरा, रिलायंस ब्रांड्स जिनमें कोच, माइकल कोर्स, मदरकेयर, हैमलीज़ शामिल हैं), और (कैथे पैसिफिक, शामिल हैं) शामिल हैं। क्लियरट्रिप, आईटीसी होटल्स लिमिटेड, इक्सिगो, मेकमाईट्रिप, श्रीलंकाई एयरलाइंस) के टॉप ब्रांड शामिल हैं। एक्सिस बैंक ने कई अन्य प्रमुख ब्रांडों के साथ साझेदारी की है, जिससे यह त्योहारी सीज़न उसके ग्राहकों के लिए सबसे बेहतरीन त्योहारी अनुभवों में से एक बन गया है।

एक्सिस बैंक के प्रेसिडेंट और हेड ड्ड कार्ड, पेमेंट्स और वेल्थ मैनेजमेंट, अर्निका दीक्षित ने कहा, ÷एक्सिस बैंक में हमारे ग्राहक हर पहल के केंद्र में रहते हैं। दिल से ओपन सेलिब्रेशन्स 2025 एक सीज़न -भर ऑफरिंग है, जो शॉपिंग, ट्रैवल और लाइफस्टाइल में बेहतर वैल्यू प्रदान करती है। अग्रणी ब्रांड्स के साथ साझेदारी में, हम विशेष क्रेडिट कार्ड लाभ प्रदान कर रहे हैं, जिनमें कैशबैक, क्यूरेटेड डिस्काउंट्स और हाई-वैल्यू ख़रीदारियों पर आसान ईएमआई शामिल हैं। यह हमारी कस्टमर-फर्स्ट फिलॉसफी को दर्शाता है और इनोवेशन को सार्थक रिवॉर्ड्स के साथ जोड़कर कार्ड्स और पेमेंट्स में हमारी लीडरशिप को मजबूत करता है।÷

# गोवा में आयुर्वेद आधारित स्वास्थ्य पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनने की क्षमता है

### आयुष मंत्रालय ने एआईआईए गोवा में ‰लोगों और ग्रह के लिए आयुर्वेद‰ विषय के साथ 10वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया

### आयुर्वेद आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी व्याधियों जैसे मोटापा और मधुमेह का समाधान है : गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत

### 23 सितंबर आयुर्वेद दिवस प्रकृति के संतुलन के साथ संरेखित है : मूल आयुर्वेदिक सिद्धांतों को दर्शाता है : श्री प्रतापराव जाधव

### आयुर्वेद आज के स्वास्थ्य और पर्यावरण संकटों के लिए समय–परीक्षणित समाधान प्रदान करता है : राज्य मंत्री श्री श्रीपद नाइक

### आयुर्वेद और संबद्ध विज्ञान में प्रख्यात योगदानकर्ताओं को राष्ट्रीय धन्वंतरि आयुर्वेद पुरस्कार 2025 प्रदान किए गए




पीआईबी –

आयुष मंत्रालय ने आज अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), गोवा में 10वां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस समारोह मनाया। इस कार्यक्रम में गोवा के राज्यपाल श्री अशोक गजपति राजू, गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत, केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रतापराव जाधव और केंद्रीय विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री श्रीपद येसो नाइक सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यह समारोह आयुर्वेद को स्वास्थ्य और कल्याण की एक समग्र प्रणाली के रूप में बढ़ावा देने के मंत्रालय के निरंतर प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जो स्थायित्व और प्राकृतिक जीवन पर आधारित है।

इस अवसर पर बोलते हुए, गोवा के राज्यपाल, श्री अशोक गजपति राजू ने आयुर्वेद के वैश्विक विकास का उल्लेख किया और कहा कि एक दशक से भी कम समय में, आयुर्वेद दिवस एक राष्ट्रीय अनुष्ठान से एक वैश्विक स्वास्थ्य आंदोलन में विकसित हो गया है। उन्होंने बताया कि अब 150 से ज़्यादा देश इस दिवस को मनाते हैं और आयुर्वेद को न केवल एक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के रूप में, बल्कि एक व्यापक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के रूप में मान्यता देते हैं। श्री राजू ने इस वर्ष के विषय, ÷लोगों और ग्रह के लिए आयुर्वेद÷ की प्रशंसा करते हुए इसे संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के लिए समय अनुसार प्रासंगिक बताया। उन्होंने आयुर्वेदिक ज्ञान की प्रामाणिकता को बनाए रखने के महत्व पर बल दिया और नमस्ते पोर्टल तथा आयुष एचएमआईएस जैसे डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का लाभ उठाया, जो पहुँच और साक्ष्य-आधारित अभ्यास को बढ़ा रहे हैं।

राज्यपाल ने आयुर्वेद-आधारित स्वास्थ्य पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में उभरने की गोवा की क्षमता के बारे में भी बात की। उन्होंने एआईआईए गोवा में एकीकृत कैंसर विज्ञान इकाई (इंटीग्रेटिव ऑन्कोलॉजी यूनिट) की स्थापना की सराहना की, जो टाटा मेमोरियल सेंटर के साथ एक सहयोगात्मक पहल है। इसका उद्देश्य समग्र कैंसर देखभाल के लिए आयुर्वेद को आधुनिक कैंसर विज्ञान के साथ एकीकृत करना है। श्री राजू ने गोवा की जैव विविधता के साथ पारंपरिक चिकित्सा के सम्मिश्रण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण का आह्वान किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि स्थानीय औषधीय पौधों का संरक्षण और संवर्धन रोज़गार को बढ़ावा दे सकता है और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मज़बूत कर सकता है। उन्होंने आयुर्वेदिक उपचारों के वैज्ञानिक सत्यापन की अपील की और अनुसंधान एवं परंपरा पर आधारित नैतिक संवर्धन पर ज़ोर दिया।

गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने मोटापा, मधुमेह और तनाव जैसी बढ़ती जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से निपटने में आयुर्वेद की समकालीन प्रासंगिकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि दिनचर्या और ऋतुचर्या की समय-परीक्षित अवधारणाएँ निवारक स्वास्थ्य सेवा के लिए स्थायी आदर्श प्रदान करती हैं। डॉ. सावंत ने मोटापे के बढ़ते प्रचलन पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की चिंता का उल्लेख करते हुए कहा कि आयुर्वेद दीर्घकालिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए , संतुलित आहार, हर्बल औषधियाँ और योग जैसे सरल लेकिन शक्तिशाली उपाय प्रदान करता है।

मुख्यमंत्री ने गोवा की समृद्ध जैव विविधता, विशेष रूप से पश्चिमी घाट और तटीय पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रकाश डाला, जहाँ पौराणिक आयुर्वेदिक ग्रंथों में वर्णित कई औषधीय पौधे पाए जाते हैं। उन्होंने वैश्विक आयुर्वेदिक अर्थव्यवस्था में गोवा की स्थिति को मज़बूत करने के लिए इन पौधों पर शोध, संरक्षण और व्यावसायिक खेती बढ़ाने का आह्वान किया। डॉ. सावंत ने एक एकीकृत कैंसर विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए गोवा सरकार, टाटा मेमोरियल सेंटर और एआईआईए गोवा के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर की घोषणा की। उन्होंने आगे कहा कि यह सहयोग रोगियों के परिणामों में सुधार और समग्र उपचार को आगे बढ़ाने के लिए पारंपरिक और आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रतापराव जाधव ने अपने भाषण में समग्र स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के रूप में आयुर्वेद की बढ़ती वैश्विक मान्यता पर प्रकाश डाला। उन्होंने आयुर्वेद दिवस के लिए 23 सितंबर को स्थायी तिथि के रूप में निर्धारित करने के निर्णय को ऐतिहासिक बताया, जो शरद विषुव के साथ मेल खाता है, जो प्रकृति में संतुलन का प्रतीक है और आयुर्वेदिक दर्शन के मूल में है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का विषय आयुर्वेद को न केवल एक स्वास्थ्य विज्ञान के रूप में, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य और स्थिरता के एक ढाँचे के रूप में स्थापित करने की मंत्रालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

श्री जाधव ने पिछले साल आयुर्वेद दिवस पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए ÷देश का स्वास्थ्य परीक्षण अभियान÷ को मिली ज़बरदस्त प्रतिक्रिया पर प्रकाश डाला। 1.29 करोड़ से ज़्यादा नागरिकों ने आयुर्वेदिक मापदंडों का उपयोग करके स्वास्थ्य आकलन में हिस्सा लिया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और डॉक्टरों सहित 1.8 लाख से ज़्यादा स्वयंसेवकों का सहयोग रहा। इस अभियान ने पाँच गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए और डेटा-आधारित आयुर्वेदिक अनुसंधान के एक नए युग की शुरुआत की। श्री जाधव ने कहा कि इस तरह की पहल पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवा के साथ एकीकृत करने के लिए आधार तैयार कर रही हैं ताकि पूर्वानुमानित, निवारक और व्यक्तिगत चिकित्सा समाधान विकसित किए जा सकें।

केंद्रीय विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, श्री श्रीपद येसो नाइक ने अपने संबोधन में गैर-संचारी रोगों, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और पर्यावरणीय क्षरण जैसी बढ़ती वैश्विक चुनौतियों के संदर्भ में आयुर्वेद की बढ़ती प्रासंगिकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक जीवन, पादप-आधारित उपचारों और निवारक देखभाल पर ज़ोर देने वाला आयुर्वेद, व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पारिस्थितिक स्थिरता, दोनों के लिए आदर्श है। उन्होंने आगे कहा कि आयुर्वेद के सिद्धांत वैश्विक चिंताओं के अनुरूप हैं और निवारक एवं सतत स्वास्थ्य सेवा के लिए एक समय-परीक्षित ढाँचा प्रदान करते हैं।

# मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करें : श्री डेका

## राज्यपाल श्री डेका ने माता कौशल्या धाम पहुंचकर लिया आर्शीवाद

संवाददाता। राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी के निदेशक श्री टी सी महावर के नेतृत्व में राज्य प्रशासनिक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों (डिप्टी कलेक्टरों) ने सौजन्य भेंट की। राज्यपाल श्री डेका ने परिवीक्षाधीन अधिकारियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि अपना कर्तव्य भली-भांति निभाते हुए देश और समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहें और मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में आप लोगों की अहम भूमिका है किसी प्रकार के दबाव में काम न करें, जनहित में त्वरित निर्णय लें। कोई नागरिक अपनी समस्या निराकरण के लिए आवेदन दे रहा तो उसे उसका परिणाम भी मिलना चाहिए। राज्यपाल ने नामांतरण में होने वाली धोखा धड़ी को रोकने और भू माफिआओं पर सख्ती करने पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासकीय दायित्वों के निर्वहन के दौरान कोई समस्या आती है तो वे राजभवन आकर मिल सकते हैं।



इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, प्रशिक्षण निदेशक श्री प्रणव सिंह सहित परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर सुश्री सारिका मित्तल, श्री शुभम देव, सुश्री शिक्षा शर्मा, सुश्री शुभांगी गुप्ता, सुश्री पूजा पिंचा, श्रीमती मधु गभेल, श्री देवाशीष कुरी, सुश्री भावना साहू, श्री लोकांश एल्मा, सुश्री रश्मि पोया, श्री आशीष कुमार, श्री सुमित कुमार ध्रुव, श्री अभिषेक तम्बोली, श्री गगन शर्मा उपस्थित थे।



राज्यपाल से परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टरों ने की सौजन्य भेंट



# बाढ़ आपदा से बचाव हेतु मॉक ड्रिल कल

### तैयारियों को लेकर वर्चुअल बैठक सम्पन्न

जांजगीर-चांपा।

भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली के सहयोग से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जिले में बाढ़ आपदा से बचाव हेतु राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इसकी तैयारियों को लेकर आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा वर्चुअल माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में आपदा पूर्व सतर्कता और बाढ़ बचाव की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

यह मॉक ड्रिल आगामी 25 सितम्बर 2025, गुरुवार प्रातः 10:00 बजे बाबाघाट शिवरीनारायण एवं ग्राम रिगनी (कुकदा), तहसील शिवरीनारायण में आयोजित होगी। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में प्रशासनिक तैयारियों की वास्तविक परख करना और आम नागरिकों को जागरूक करना है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री आर. के. तंबोली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।




# मोबाइल फोन से अश्लील गाली गलौच के आरोपी



संवाददाता

**जांजगीर चांपा /** मोबाइल फोन से अश्लील गाली गलौज के आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है । मामले का विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी जितेंद्रपति त्रिपाठी जेएसडब्ल्यू तरौद थाना अकलतरा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था कि छ.ग. क्रांति सेना का सदस्य धनंजय सिंह द्वारा दिनांक 5 सितंबर 25 को मोबाइल से फोन कर प्रार्थी जितेंद्रपति त्रिपाठी को कंपनी में नौकरी चाहिए कहने लगा । तब प्रार्थी के द्वारा अपने अधीनस्थ स्टॉप से बात करने के लिए बोला गया यदि नौकरी की रिक्ति होगी तो दिया जाएगा नहीं होगा तो नहीं दिया जाएगा । इस बात को सुनकर आरोपी धनंजय सिंह उसे अश्लील गाली गलौच करते हुए आपका स्टॉप फोन नहीं उठाते है , आप लोग बिहार से आकर छत्तीसगढ़ में दादागिरी करते हो मेरे को नौकरी नहीं दोगे तो जान से मार दूंगा कहकर धमकी देने लगा । प्लांट में आता हु वहीं तुमको बताऊंगा कहने लगा जिसकी सूचना रिपोर्ट पर से थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 427/25 धारा 296,351 (2), 308(4) BNS कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान पता चला कि आरोपी के द्वारा गली गालोच देना पाया गया, एवं नौकरी नहीं लगने पर ब्लैकमेल करते हुए जान से मारने की धमकी देना पाए जाए से मोबाइल सिम को जप्त किया जाकर आरोपी धनंजय सिंह रसौटा थाना बलौदा को विधिवत गिरफ्तार किया गया । उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी अकलतरा का सराहनीय योगदान रहा।

# छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों का जिला प्रवास

**जांजगीर -चांपा /** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा आर.एस.विश्वकर्मा आई.ए.एस.(से.नि.) तथा सदस्यगण श्री नीलांबर नायक, श्री बलदाऊ राम साहू, श्री हरिशंकर यादव, श्री यशवंत सिंह वर्मा, श्रीमती शैलेन्द्री परगनिहा, श्री कृष्णा गुप्ता एवं सचिव श्री अमित श्रीवास्तव 23 सितंबर एवं 24 सितंबर को जांजगीर-चांपा जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यगण 23 सितंबर को सायं 5 बजे सक्ती से रवाना होकर सायं 6 बजे सर्किट हाउस जांजगीर पहुंचेंगे एवं रात्रि में विश्राम करेंगे। वे 24 सितंबर को प्रातः 11.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागों द्वारा संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों में अन्य पिछड़ा वर्ग के भागीदारी एवं जनगणना के डाटा प्रविष्टि के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। दोपहर 12 बजे सर्किट हाउस सभाकक्ष में पिछड़ा वर्ग जनप्रतिनिधियों से भेंट,चर्चा करेंगे और दोपहर 1.30 बजे प्रेस वार्ता करेंगे। सायं 4 बजे रायपुर मुख्यालय के लिए प्रस्थान करेंगे।

# कलेक्टर ने स्वामी विवेकानंद उद्यान चांपा का किया निरिक्षण

### कलेक्टर ने स्वामी विवेकानंद उद्यान चांपा का किया निरिक्षण

### विवेकानंद उद्यान चांपा के जीणोद्धार की कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा** /कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने चांपा के स्वामी विवेकानंद उद्यान एवं रामबांधा तालाब क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को उद्यान की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्री प्रदीप नामदेव, पार्षदगण सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।



निरीक्षण के दौरान कहा गया कि रामबांधा तालाब से जलकुंभी को शीघ्र हटाकर उसका वैज्ञानिक निस्तारण किया जाए, जिससे पानी की स्वच्छता और गहराई बनी रहे। इसके साथ ही स्वामी विवेकानंद उद्यान में नियमित घास कटाई, वृक्षारोपण, आकर्षक पौधों का रोपण, वॉकिंग ट्रैक की मरम्मत तथा ओपन जिम उपकरणों की देखरेख करने के लिए कहा गया। तालाब किनारे लाइटिंग, बेंच और शेड लगाने पर भी जोर दिया गया, ताकि नागरिकों को सुविधा मिल सके। वहीं पार्क में कचरा प्रबंधन हेतु अलग-अलग डस्टबिन लगाए जाएंगे और स्वच्छता एवं हरियाली बनाए रखने का अभियान चलाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अधिकारीयों से कहा कि गार्डन और तालाब का सौंदर्यकरण नगर की पहचान बनेगा और यह नागरिकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगा।इस दौरान उन्होंने चांपा शहर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के सम्बन्ध में सीएमओ चांपा को आवश्यक निर्देश दिए।चांपा शहर के भालेराय मैदान स्थित स्वर्गीय जीवनलाल साव सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक प्रस्ताव,मरम्मत के सम्बन्ध में निर्देश दिए।



# फर्जी तरीके से सिम जारी कर के आरोपी को किया गिरफ्तार

### सायबर टीम एवं थाना मुलमुला की संयुक्त कार्यवाही

**जांजगीर -चांपा /** फर्जी तरीके से सीम जारी कर बिक्री के आरोपी को सायबर व मुलमुला पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है । मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आरोपी नवधेश साहू निवासी ग्राम सोनसरी थाना मुलमुला द्वारा व्यक्तिगत दस्तावेजों का उपयोग कर छल पुर्वक अन्य व्यक्ति के नाम का मोबाईल सिम लाभ प्राप्त करने के लिए 27 मोबाईल सिम एक्टीवेक्ट किया जाना पाए जाने से आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 420 भादवि, 66 (सी) आईटी का अपराध घटित करना पाये जाने से थाना बलौदा में अपराध क्रमांक 304/25 कायम कर विवेचना में लिया गया । विवेचना दौरान आरोपी के कब्जे से फर्जी सिम तैयार करने में उपयोग किया गया फ्रिंगर प्रिट मशीन एवं एक मोबाईल जप्त कर आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक पारस पटेल, थाना प्रभारी मुलमुला, निरीक्षक सागर पाठक प्रभारी साइबर सेल, सायबर टीम सउनि विवेक सिंह, प्रधान आर मनोज तिग्गा, प्रधान आर विवेक सिंह, आर श्रीकांत सिंह एवं थाना मुलमुला से स उ नि प्रमोद महार प्रधान आरक्षक बलबीर सिंह एवं थाना स्टाफ मुलमुला का सराहनीय योगदान रहा।

# पटवारी कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

जांजगीर चांपा संवाददाता

### उप पंजीयक कार्यालय में साफ सफाई को लेकर दिए कड़े निर्देश

जांजगीर-चांपा /

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज चांपा के एस डी एम, तहसील कार्यालय, उप पंजीयक कार्यालय, पटवारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व के छोटे-छोटे प्रकरणों का तुरंत निराकरण किया जाए।जिससे नागरिकों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय में नामांतरण, अविवादित व विवादित बंटवारे, अभिलेख दुरूस्ती, त्रुटि सुधार, सीमांकन से संबंधित प्रकरणों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में अभिलेखों की स्थिति, जनहित कार्यों की प्रगति और अधिकारियों की उपस्थिति की भी बारीकी से जांच की।

कलेक्टर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकरण की पेशी की तिथि अनावश्यक रूप से न बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण प्राथमिकता में किया जाए और मामलों का निपटारा सुनिश्चित करें। साथ ही त्रुटि सुधार संबंधी सभी प्रकरणों का निराकरण त्रुटि सुधार मॉड्युल के



माध्यम से मौके पर ही किया जाए। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में आने वाले आवेदकों से बातचीत की और उनकी शिकायतो को सुना। अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर से मुलाकात की एवं उनकी मांग को सुना।

कलेक्टर ने उप पंजीयक कार्यालय चांपा में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जगह-जगह फैली गंदगी पर नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तुरंत साफ-सफाई करने और प्रति सप्ताह श्रमदान कर नियमित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने निरीक्षण के दौरान एक प्रकरण में मौके पर ही फ़ाइल मंगवाकर तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपपंजीयक कार्यालय का निरीक्षण करते हुए रजिस्ट्री की संपूर्ण प्रक्रिया की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने रजिस्टार से स्टेप-बाय-स्टेप जानकारी ली और कहा कि रजिस्ट्री कराने में आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में फायर सेफ्टी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री की जानकारी और सरल प्रक्रिया को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। कलेक्टर ने पटवारी कार्यालय चांपा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में दर्ज लंबित एवं निराकृत आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही नक्शा, खसरा, बी-1 सहित अन्य राजस्व अभिलेखों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने को निर्देशित किया कि सभी अभिलेख अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखे जाएं, जिससे आमजनों को आवश्यक सेवाएं समय पर उपलब्ध हो सकें। उन्होंने आवेदनों के त्वरित और समयसीमा में निराकरण के लिए विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए।



# आदतन निगरानी बदमाश को जांजगीर पुलिस ने पकड़ा

**जांजगीर चांपा** / आदतन निगरानी बदमाश को जांजगीर पुलिस ने पकड़ा है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि आरोपी दिनेश राठौर जो कि आये दिन शराब का सेवन कर वाद विवाद करते रहता है । उसके द्वारा दिनांक 21 सितंबर 25 को घर में अपनी मां से शराब पीने के लिये पैसा मांगा नहीं देने पर गाली गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी देने लगा और मारपीट किया । घर के लोग बीच बचाव किये तो चाकू लेकर उसे मारने के लिये दौडा तब वह जान बचाकर भागी , जिसकी सूचना रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी दिनेश राठौर को घेराबंदी कर पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही निरीक्षक मणिकांत पांडेय प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर राजकुमार चंद्रा आरक्षक राजू लातेवाल का सराहनीय योगदान रहा।

## खास खबर

### सेवा पखवाड़ा में भाजपा प्रदेश मंत्री ऋतु चौरसिया हुई शामिल

**कोरबा** सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) अंतर्गत भाजपा कोरबा मंडल द्वारा तुलसी नगर गार्डन में ÷पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छ वातावरण का संदेश देते हुए पौधे रोपे। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, प्रदेश मंत्री ऋ तु चौरसिया, महापौर संजू देवी राजपूत, वरिष्ठ नेता सतविंदर पाल बग्गा, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, पार्षद युगल कैवर्त, श्रीमती धनश्री साहू, श्रीमती सुलोचना यादव, ईश्वर पटेल एवं पूर्व पार्षद सुफ्ल दास सहित बड़ी संख्या में मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री सुश्री ऋ्तु चैरसिया ने कहा कि ष्सेवा पखवाड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक चलने वाला सेवा व जनजागरूकता अभियान है। वृक्षारोपण से न सिर्फ पर्यावरण सुरक्षित होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और हरित वातावरण का संदेश भी जाएगा।

### मुख्य चिकित्सालय कोरबा पूर्व में हुआ सेवा पर्व का शुभारंभ

**कोरबा**। शासन के निर्देशानुसार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व में दिनांक 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक सेवा पर्वध् पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस क्रम में कोरबा पूर्व स्थित मुख्य चिकित्सालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस सेवा पर्व का शुभारंभ मुख्य अभियंता (उत्पादन) संजीव कंसल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, विजय सेन चैधरी, वरि. मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी एवं मुख्य रसाययनज्ञ गोवर्धन सिंदार के आतिथ्य में एवं चिकित्सकीय सलाहकार डॉ. एस.सी. खरे, की अध्यक्षता एवं अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सी.पी. जायसवाल की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के दौरान माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में उनका संदेश लाइव वीडियो स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। उक्त अवसर पर उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री जी के संदेश को आत्मसात करने तथा सेवा पर्व के उद्देश्यों को व्यवहार में लाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये गये उद्बबोधन को उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो द्वारा ध्यानपूर्वक सुना गया। साथ ही मुख्य अभियंता कंसल ने बताया की सेवा पर्व के अवसर पर डीएसपीएम संयंत्र में सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग के विरूद्ध जन-जागरूकता अभियान, कपड़े की थैलियों एवं पैम्पलेट का वितरण एवं विभिन्न पर्यावरणीय विषयों पर कार्यशालाध्सेमिनार का आयोजन भी किया जावेगा।

### बांगो थाना पुलिस ने पकड़ा कथित शातिर चोर

**कोरबा** जिला के बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दिनों ग्राम लेपरा के बरभाटा में दिनदहाड़े ताला तोड़कर बाइक चोरी का मामला सामने आया था। इस घटना ने इलाके में चिंता की लहर दौड़ा दी थी।

# जीएसटी रिफार्म प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश वासियों को नवरात्रि और दिवाली गिफ्ट- उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन

### मंत्री श्री देवांगन ने अग्रसेन जयंती और नवरात्रि पर्व की दी बधाई एवं शुभकामनाएँ

कोरबा संवाददाता।

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने जिले और प्रदेश वासियों को श्री अग्रसेन जयंती और शारदीय नवरात्री की बधाई एव शुभकामनाएं देते हुए कहा की यह पर्व इस बार सभी परिवार जनों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आएगा ।

मंत्री श्री देवांगन ने कहा की उपभोक्ताओं ,किसानों कारोबारियों और आम परिवारों तक सभी को राहत देने वाले जीएसटी रिफार्म का लाभ 22 सितम्बर से यानी शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन से मिलेगा । इस दिन से जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है । नई जीएसटी दरों के माध्यम से व्यापार को गति मिलेगी। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।



व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर लगने वाला जीएसटी पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा दवाइयों, ऑक्सीजन और जांच किट पर भी टैक्स घटाया गया है। इससे इलाज सस्ता होगा और हर सामान्य नागरिक को राहत मिलेगी। सरकार ने वाहनों की खरीद-फरोख्त पर भी राहत दी है। पहले कार और बाइक पर 28: जीएसटी लगता था, अब इसे घटाकर 18: कर दिया गया है। यानी सीधे 10: की कटौती। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि इस निर्णय से न केवल आम नागरिक की गाड़ी खरीदने की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि ऑटोमोबाइल सेक्टर को भी बढ़ावा मिलेगा। उत्पादन बढ़ेगा, नए रोजगार उत्पन्न होंगे और अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। मंत्री श्री देवांगन ने जीएसटी रिफॉर्म्स को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देशवासियों को नवरात्रि और दीपावाली गिफ्ट बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का यह निर्णय व्यापार को गति देने वाला है। उन्होंने कहा कि पहले चार स्लैब 5:, 12:, 18: और 28: लागू थे, लेकिन अब सिर्फदो स्लैब 5: और 18: रखा गया है। 12: और 28: की दरें समाप्त कर दी गई हैं। इससे आम उपभोक्ता को सीधी राहत मिलेगी। रसोई से लेकर कृषि, मकान निर्माण से लेकर बड़े हाईवे और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, उद्योग और व्यापार हर क्षेत्र को लाभ मिलेगा।

मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि एक सामान्य गृहस्थ परिवार को अब घरेलू खर्चों में सीधी राहत मिलेगी। दूध, दही, पनीर, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, साइकिल और बच्चों से जुड़े सामान पर केवल 5: या शून्य टैक्स लगेगा। इससे न सिर्फ रोजमर्रा के खर्च कम होंगे बल्कि उपभोक्ता की क्रय क्षमता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति ज्यादा खरीद सकेगा तो खपत बढ़ेगी और बाजार में मांग बढ़ने से उत्पादन में और तेजी आएगी। इससे जहां आम जनों को भी फायदा होगा साथ ही उद्योगों को भी लाभ होगा।

# नशे से युवा पीढ़ी दूर रहे : महापौर

### सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नशामुक्ति मैराथन का आयोजन

**कोरबा** सेवा पखवाड़ा दिवस अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्ति मैराथन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती संजू देवी राजपूत महापौर नगर पालिक निगम की उपस्थिति में घंटाघर निहारिका से निर्मला स्कूल कोसाबाडी कोरबा तक मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमे बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, आम नागरिकगण और जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के अलग-अलग विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में नशामुक्त मैराथन के माध्यम से शहर के युवा पीढ़ी और आम नागरिकों को जागरूक कर उन्हें




नशे से दूर रहने का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने युवा पीढ़ी को शिक्षा को अपनाते हुए बेहतर भविष्य निर्माण करने और नशा से दूर रहते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं अन्य आमजन को मैराथन पूर्व नशामुक्ति शपथ भी महापौर द्वारा दिलाया गया। तत्पश्चात मैराथन को हरी झंडी दिखाकर घंटाघर निहारिका से निर्मला स्कूल कोरबा को रवाना किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण श्री हरीश सक्सेना, जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी पी उपाध्याय, खेल अधिकारी श्री राम कृपाल साहू,श्री मुकेश दिवाकर परिवीक्षा अधिकारी समाज कल्याण, श्री मिरेन्द्र, जावेद अख्तर, स्वच्छता अधिकारी, शनिलाल साहू, नगर निगम, पुलिस विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### कोरबा : नवरात्रि पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

**कोरबा** । शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व रविवार, 22 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। जिलेभर में मां दुर्गा के जयकारों और श्रद्धा-भक्ति के माहौल के बीच भक्तों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मां सर्वमंगला मंदिर परिसर और उससे लगे कनवेरी नहर रोड पर नवरात्रि के पूरे दौरान भारी वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सर्वमंगला मंदिर के राजपुरोहित एवं प्रबंधक महराज नन्हा पांडेय ने जिला प्रशासन से यह मांग की थी कि मंदिर परिसर से गुजरने वाले भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन के समय असुविधा न हो। मांग को उचित मानते हुए प्रशासन ने आदेश जारी कर दिया है। अब नवरात्रि के दौरान भारी वाहन सर्वमंगला पुल पार कर राताखार मार्ग से होते हुए शहर के भीतर प्रवेश करेंगे। नवरात्रि के दिनों में सर्वमंगला मंदिर और अन्य दुर्गा पंडालों में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने, यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने और पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए हैं। साथ ही, श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे मंदिर दर्शन के दौरान अनुशासन बनाए रखें और प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्गों का पालन करें। इस वर्ष नवरात्रि का विशेष संयोग भी चर्चा का विषय बना हुआ है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस बार नवरात्रि दस दिनों तक चलेगी। ऐसा संयोग पूरे 35 वर्षों बाद बना है।

इसके चलते श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। नवरात्रि का समापन 2 अक्टूबर को दशहरा और गांधी जयंती के अवसर पर होगा। इस दिन रावण दहन कार्यक्रम के साथ भक्तियां और उत्सव अपनी चरम सीमा पर होंगे।

## रजत जयंती गार्डन में जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का किया रोपण

### मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल व सरोज शांडिल्य, पार्षदों सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारियो ने किया पौधरोपण

**कोरबा** । नगर पालिक निगम कोरबा के बालको जोन अंतर्गत लाल घाट स्थित रजत जयंती गार्डन में नगर निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यों एवं पार्षद गणों ने विविध प्रजातियों के पौधों का रोपण किया, उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण किये जाने वृक्षारोपण को बढ़ावा देने एवं आरोपित पौधों के संरक्षण संवर्धन व पर्यावरण के संरक्षण के प्रति सबकी सहभागिता व सहयोग का आग्रह किया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा बालको जोन के अंतर्गत आने वाले लालघाट बस्ती में मुख्य मार्ग के किनारे रजत जयंती गार्डन की स्थापना कराई गई है। निगम के द्वारा उक्त गार्डन में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, मेयर इन काउंसिल के सदस्य हितानंद अग्रवाल व सरोज शांडिल्य, पार्षद चेतन सिंह मैत्री व मंगल सिंह बंदे ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए वृक्षारोपण किया तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इस मौके पर उद्यान अधीक्षक आनंद सिंह राठौर, सहायक अभियंता अभय मिंज सहित निगम के अन्य अधिकारीध्कर्मचारियो व उपस्थित नागरिकों ने भी वृक्षारोपण करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल के सदस्य हितानंद अग्रवाल व सरोज शांडिल्य सहित पार्षदों व जनप्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक संख्या में पौधों का रोपण करने, वृक्षारोपण को बढ़ावा देने।

## खेत से लौटते वक्त लोनर हाथी ने ग्रामीण को पटककर मार डाला, इलाके में दहशत का माहौल

**कोरबा,**। जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत पसान वन परिक्षेत्र के तनेरा गांव में रविवार दोपहर एक दर्दनाक घटना हुई, जब एक लोनर (अकेला) जंगली हाथी ने एक ग्रामीण पर हमला कर दिया। हाथी के हमले में 45 वर्षीय धन सिंह गोंड़ की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा गांव के गोरिल्ला डांड़ इलाके में उस समय हुआ, जब धन सिंह खेत से लकड़ी लेकर घर लौट रहा था। जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 2:30 बजे धन सिंह जंगल से जलाऊ लकड़ी लेकर अपने घर की ओर लौट रहा था, तभी रास्ते में उसका सामना एक



अकेले विचरण कर रहे हाथी से हो गया। उसने भागकर जान बचाने की कोशिश की, लेकिन हाथी ने उसे सूंड में जकड़कर जमीन पर पटक दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पसान रेंजर मनीष सिंह ने बताया कि हमलावर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ दिया गया है। विभाग द्वारा मृतक के परिवार को तात्कालिक सहायता के रूप में 25 हजार रुपये की राहत राशि दी गई है। साथ ही ग्रामीणों को हाथियों से दूर रहने और सतर्कता बरतने की समझाइश दी गई है। अधिकारी ग्रामीणों से पूरी घटना की जानकारी जुटा रहे हैं और आगे की प्रक्रिया जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव और भय का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। लगातार हाथियों की आवाजाही और हमलों से वे दहशत में हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाता, तो वे गांव छोड़ने को मजबूर हो जाएंगे।

## केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में हिंदी पखवाड़े की शुरुआत



**कोरबा** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी कोरबा में 14 से 26 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा के तहत विविध कार्यक्रम किए जा रहे हैं। यह आयोजन हिंदी भाषा की महत्ता को समझाने, उसमें रुचि उत्पन्न करने और छात्रों और कर्मचारियों को इसके प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया।

हिंदी पखवाड़े की शुरुआत 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर प्राचार्य ने की। उन्होंने हिंदी भाषा के इतिहास, विकास और आज की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए अनेक रचनात्मक और शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें निबंध लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिता, काव्य पाठ प्रतियोगिता, हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, हिंदी पोस्टर और नारा लेखन प्रतियोगिता शामिल रही। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता व भाषाई कौशल का परिचय दिया।

शिक्षकों के लिए भी हिंदी में कार्यानुवाद, हिंदी निबंध लेखन और हिंदी टंकण जैसी प्रतियोगिता आयोजित की। इससे हिंदी के सरकारी कार्यों में उपयोग को भी बढ़ावा मिल रहा है। पखवाड़े का समापन 26 सिंतबर को होगा। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी ऐसे आयोजन करते रहने का संकल्प लिया।

# ओजोन परत दिवस पर कोरबा पावर लिमिटेड में जागरुकता सप्ताह

### 300 से अधिक लोगों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग 0 कपड़े के 500 थैले बाँटे

कोरबा संवाददाता।

जिले के बारपाली तहसील में कोरबा पावर लिमिटेड (केपीएल), पताड़ी द्वारा 16 से 20 सितम्बर 2025 तक अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस एवं सेवा पर्व के अवसर पर विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में सयंत्र के कर्मचारियों, हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय समुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मंगलवार को ओजोन परत दिवस के मौके पर कार्यक्रम की शुरुआत संयंत्र परिसर में कोरबा पावर लिमिटेड के अधिकारियों एवं ठेका कर्मियों सहित 100 से अधिक लोगों द्वारा जागरूकता रैली निकालकर की गई।

इस अवसर पर कोरबा पावर लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर समीर मित्रा ने ओजोन परत के महत्व और इसके संरक्षण को सरल शब्दों में समझाया वहीं प्रोजेक्ट हेड सी वी के प्रसाद ने जागरूकता अभियान की सराहना की और कहा कि ऐसे अभियान से जन जागरूकता बढ़ती है।जबकि ओ एंड एम प्रमुख अमोल शरद राव महाले ने पर्यावरण स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर जोर देते हुए धरातल पर उतरने और किए गए कार्यों का रिकॉर्ड बनाकर समीक्षा कर निरंतर सुधार करने की बात कही। केपीएल के पास के गांव सरगबुंदिया में स्कूल के 120 से अधिक विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर केपीएल के भू-विभाग के प्रमुख विकास ठाकुर, कॉरपोरेट मामले के प्रमुख अतुल गुप्ता एवं स्कूल के शिक्षकों ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया तथा कपड़े के बने थैले को प्रदान कर प्लास्टिक बैग को इस्तेमाल न करने का आग्रह किया।



पूरे सप्ताह के दौरान नुक्कड़ नाटक, कपड़े के 500 थैलों का वितरण, वृक्षारोपण, ऑनलाइन क्विज, भाषण प्रतियोगिता, श्वेस्ट से बेस्टश् जैसी विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन आयोजनों का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और ओजोन परत की सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था। ओजोन परत के संरक्षण के लिए केपीएल के पर्यावरण विभागाध्यक्ष श्री ईशान ताम्रकार के नेतृत्व में लोगों को जागरूक किया गया। सभी प्रतिभागियों ने बड़े ही उत्साह के साथ भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम का समापन समारोह 20 सितम्बर 2025 को आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उनकी उत्कृष्टता के लिए पुरस्कृत किया गया। यह कार्यक्रम चीफ बिजनेस ऑफिसर के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, ओ एंड एम हेड एवं परियोजना प्रमुख के मार्गदर्शन में केपीएल के पर्यावरण विभाग के नेतृत्व में संपन्न किया गया।

कोरबा पावर लिमिटेड पर्यावरणीय जिम्मेदारी को प्राथमिकता देता है और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाने हेतु प्रतिबद्ध है। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण एवं ओजोन परत की सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु समर्पित रहा और ÷सेवा पर्व÷ की भावना के अनुरूप रहा।

# देश का हर युवा स्वस्थ हो, समर्थ हो, सक्षम हो, इसके लिए नशामुक्त भारत जरूरी : अरुण साव

**रायपुर ।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वस्थ और नशामुक्त भारत के लिए रायपुर और बिलासपुर में आयोजित 'नमो युवा रन' में युवाओं ने जोश और उत्साह से भागीदीरी की। युवाओं को फिट और नशामुक्त रखने देश के 75 शहरों में यह दौड़ आयोजित की गई। राजधानी रायपुर में तेलीबांधा तालाब से शुरू हुई यह दौड़ सुभाष स्टेडियम में समाप्त हुई। वहीं बिलासपुर में सीएमडी कॉलेज मैदान से प्रारंभ कर रीवर-व्यू रोड में इसका समापन किया गया। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव ने रायपुर के तेलीबांधा तालाब में झंडा लहराकर 'नमो युवा रन' को प्रारंभ किया। प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने युवाओं के साथ दौड़ लगाकर इसकी प्रतीकात्मक शुरूआत की। कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा और रोजगार मंत्री गुरू खुशवंत साहेब, विधायकगण सर्वश्री मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा तथा छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव भी इस दौरान उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने 'नमो युवा रन' का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश का हर युवा स्वस्थ हो, समर्थ हो, सक्षम हो और नशे से दूर रहे, इसकी जागरूकता के लिए इस दौड़ का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं और खेलों की तरक्की के लिए महत्वपूर्ण काम किए हैं। विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से भारत सरकार युवा शक्ति को तैयार करने का काम कर रही है। श्री साव ने कहा कि हम हर युवा को फिट रहने के लिए खेल के मैदान से जोड़ना चाहते हैं। वे खेलों से जुड़ेंगे तो नशे से दूर रहेंगे। देश को समृद्ध बनाने के लिए युवा स्वस्थ रहें तथा उत्साह व आत्मविश्वास से भरे रहें, यह जरूरी है।

# सरोना तालाब की श्रमदान से सफाई कर जन-जन को दिया स्वच्छ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार नगर निगम रायपुर स्वास्थ्य विभाग और स्वच्छ भारत मिशन शाखा द्वारा सभी 10 जोनो के समस्त 70 वार्डो में दिनांक 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चन्द्राकर, आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश अनुसार चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान पखवाडा के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 8 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन क्षेत्र अतर्गत संत रविदास वार्ड कमांक 70 अंतर्गत सरोना में तालाब की सफाई श्रमदान कर संत रविदास वार्ड क्रमांक 70 के पार्षद श्री अर्जुन यादव के नेतृत्व और नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन एवं स्वच्छत्ता निरीक्षक श्री रितेश झा की उपस्थिति में रहवासी नागरिकों सहित करते हुए स्वच्छता को लेकर जागरूक अभियान चलाकर और विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरा उठवाकर स्वच्छता कायम करते हुए स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों की सहभागिता से रहवासी नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाया और जन- जन को स्वच्छ सरोवर का सकारात्मक स्वच्छता सन्देश दिया।

# श्रीरामलला दर्शन एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से पूरे हो रहे श्रद्धालुओं के सपने : वित्त मंत्री चौधरी



**रायपुर।** रायगढ़ जिले के 1200 से अधिक श्रद्धालुओं ने उठाया योजना का लाभरायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम ऑडिटोरियम में श्रीरामलला दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में शामिल वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने भगवान श्रीराम की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। रामायण आरती के साथ वातावरण राममय हो उठा।

श्री चौधरी ने श्रद्धालुओं का चरणस्पर्श कर आशीर्वाद लिया और कहा कि यह योजना वास्तव में बुजुर्गों के सपनों को साकार करने वाली योजना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की माटी का भगवान श्रीराम से गहरा नाता है। माता कौशल्या छत्तीसगढ़ की बेटी थीं, इसलिए भगवान श्रीराम को हम भांजा मानते हैं। उन्होंने कहा कि त्रेतायुग में 14 वर्षों का वनवास समाप्त हुआ था, लेकिन कलियुग में राममंदिर निर्माण के लिए 500 वर्षों का संघर्ष करना पड़ा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक अयोध्या का भव्य मंदिर आज साकार हुआ है।

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने वादा किया था कि श्रद्धालुओं को श्रीरामलला और प्रमुख तीर्थों का दर्शन कराया जाएगा। आज श्रीरामलला दर्शन योजना और मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना हजारों परिवारों के लिए आशीर्वाद बन चुकी हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने गांवों में राम के आदर्शों और उनके चरित्र का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं।

जिला पंचायत सीईओ श्री जितेंद्र यादव ने बताया कि तीर्थयात्रियों के लिए आवास, भोजन, परिवहन और चिकित्सा की संपूर्ण व्यवस्था की जाती है। प्रत्येक यात्री को विशेष पहचान पत्र भी प्रदान किया गया। इच्छुक श्रद्धालु आगामी यात्राओं के लिए जिला पंचायत और नगर निगम कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

जिले के विभिन्न विकासखण्डों से अब तक 1206 श्रद्धालु (745 पुरुष एवं 461 महिलाएं) अयोध्या, काशी और अन्य तीर्थों का दर्शन कर चुके हैं। सम्मेलन में श्रद्धालुओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए इसे जीवन का अविस्मरणीय क्षण बताया।

पुसौर निवासी श्री खगेश्वर पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, वर्तमान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी के प्रयास से ही यह संभव हुआ। राजकुमारी साव ने यात्रा को सहज और सुखद बताते हुए कहा कि पूरी यात्रा परिवार जैसे वातावरण में पूरी हुई। उमेश सिंह सिदार ने कहा कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान हेतु लगातार कार्य कर रही है। वहीं सावित्री भगत ने कहा कि अयोध्या दर्शन उनके जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है। सुनील थवाईत ने बताया कि यात्रा में स्वच्छ भोजन, सुरक्षा और स्वागत की उत्कृष्ट व्यवस्था रही। काशी और अयोध्या के दर्शन उनके जीवन के सबसे सुखद क्षण रहे।

# मानवता की सेवा और दानशीलता में अग्रवाल समाज हमेशा अग्रणीः मुख्यमंत्री श्री साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर स्थित अग्रसेन धाम में भगवान अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल महासभा द्वारा आयोजित ÷अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025÷ समारोह में शामिल हुए। उन्होंने भगवान अग्रसेन की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ किया। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों तथा प्रतिभाशाली बच्चों को मुख्य मंच से सम्मानित किया गया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अग्रवाल समाज की दानशीलता की परंपरा की प्रशंसा करते हुए कहा कि मानवता की सेवा और परोपकार के लिए अग्रवाल समाज हमेशा ही अग्रणी रहा है। समाज व्यापार एवं व्यवसाय से जुड़ा हुआ है, जो कठिन परिश्रम और लगन से कार्य करते हुए निरंतर मानवता की सेवा में जुटा रहता है। अग्रवाल समाज को व्यापारिक कुशलता के लिए जाना जाता है, लेकिन आज यह समाज सामाजिक कार्यों में भी उतना ही अग्रणी है और अपने सेवा कार्यों के माध्यम से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार ने 21 महीनों में प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के अंतर्गत अधिकांश वादों को पूरा किया है। हमारी सरकार ने व्यापार और संस्कृति को प्रोत्साहन देने की दिशा में कार्य किया है। हमने नई औद्योगिक नीति अपनाई है, जो सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि आज बहुत ही ऐतिहासिक दिन है। आज से ही प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर देशभर में 'जीएसटी बचत उत्सव' की शुरुआत हुई है। इस प्रकार आज एक साथ अनेक उत्सवों का संगम हो रहा है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने कल राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में देशवासियों से धूमधाम से जीएसटी बचत उत्सव मनाने की अपील की थी। जीएसटी में किए गए ये सुधार व्यापारी बंधुओं की मांग और उनके सुझावों को ध्यान में रखकर किए गए हैं। इससे न केवल कारोबारियों को, बल्कि उपभोक्ताओं को भी सीधा लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अब जीएसटी के चार स्लैब की जगह केवल दो स्लैब रह जाने से कर संबंधी जटिलताएँ कम होंगी। इससे व्यापारी जहां अपना व्यापार सरलता से कर सकेंगे, वहीं प्रक्रिया सहज होने से उन्हें टैक्स देने में भी आसानी होगी। इससे राष्ट्र निर्माण में हर वर्ग की भागीदारी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सपनों के अनुरूप 2047 में विकसित भारत के साथ-साथ विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को पाने में अग्रवाल समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी को शारदीय नवरात्रि और अग्रसेन जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस मौके पर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लगभग 5000 वर्ष पूर्व महाराज अग्रसेन का अवतरण हुआ था। उन्होंने वैश्य धर्म को अपनाया और बलि प्रथा का अंत कर समाज सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज समाज को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। शिक्षा और स्वास्थ्य से ही विकसित समाज का निर्माण होगा और विकसित समाज से ही विकसित राष्ट्र का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने भी सभी स्वजन बंधुओं को शारदीय नवरात्रि और अग्रसेन जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर सीआईडीसी अध्यक्ष श्री राजीव अग्रवाल, समाज अध्यक्ष श्री विजय अग्रवाल सहित समाज के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जशपुर का नव संकल्प शिक्षण संस्थान : मुख्यमंत्री की पहल से बदल रहा युवाओं का जीवन

**जशपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की दूरदर्शी पहल से जिले में नव संकल्प शिक्षण संस्थान डीएमएफमद से संचालित हो रहा है। यह संस्थान आर्थिक रूप से कमजोर और ग्रामीण पृष्ठभूमि के युवाओं को निःशुल्क शिक्षा, आवास और भोजन की सुविधा प्रदान कर उनके भविष्य को संवार रहा है। यह पहल युवाओं के लिए उम्मीद और आत्मनिर्भरता की नई राह खोल रही है।इसी संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर सीजी पीएससी बैच की छात्रा कुमारी खिरोमणी बाई का चयन प्रयोगशाला परिचारक पद पर हुआ है। वहीं, इसी प्रकार कांसाबेल विकासखंड की ग्राम सारूकछार की समिता चक्रेश ने व्यापम द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में प्रदेशभर में महिला वर्ग में प्रथम स्थान और समग्र सूची में सातवां स्थान प्राप्त कर बड़ा मुकाम हासिल किया। उन्होंने 100 में से 88 अंक अर्जित किए। समिता ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, लगातार अभ्यास और नव संकल्प के मार्गदर्शन को दिया।समिता चक्रेश बताती है कि लगातार अभ्यास और नव संकल्प के शिक्षकों के मार्गदर्शन ने मुझे इस मुकाम तक पहुँचाया। वहीं कुमारी खिरोमणी बाई ने कहा नव संकल्प ने मुझे सही माहौल और बेहतर मार्गदर्शन दिया। यहाँ मिली सुविधाओं और प्रोत्साहन से ही मैं प्रतियोगी परीक्षा में सफल हो पाई।

# खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित 'बिहान' केंद्र का किया भ्रमण




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत संचालित स्व-सहायता समूह केंद्र का खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को ग्रामीण उद्यमिता, लघु उद्योगों की कार्यप्रणाली तथा महिला सशक्तिकरण की जमीनी हकीकत से अवगत कराना था।

विद्यार्थियों ने भ्रमण के दौरान स्व-सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत की और उनकी कार्यशैली को का अध्ययन किया। यह समूह 'बिहान' मिशन के अंतर्गत संगठित होकर विभिन्न उद्यमों का संचालन कर रहा है। इस दौरान विद्यार्थियों ने मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट, बेकरी यूनिट तथा चिप्स निर्माण इकाई का भी अवलोकन किया। इन इकाइयों की संचालन प्रणाली भी सीखा।

मिलेट प्रोसेसिंग यूनिट में विद्यार्थियों ने कोदो, कुटकी जैसे मोटे अनाजों की सफाई, ग्रेडिंग, पैकेजिंग तथा मूल्य संवर्धन की प्रक्रिया को देखा। वहीं बेकरी यूनिट में केक, कुकीज़ तथा ब्रेड आदि के निर्माण की जानकारी प्राप्त की। चिप्स निर्माण इकाई में कच्चे माल की तैयारी से लेकर पैकेजिंग तक की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.एस. सेंगर ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होता है और वे ग्रामीण स्तर पर उद्यमिता की संभावनाओं को भी पहचान पाते हैं। साथ ही, यह भ्रमण महिला सशक्तिकरण, खाद्य प्रसंस्करण तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों को समझने की दिशा में भी एक प्रभावी कदम है।

# उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने सर्वमंगला मंदिर में की पूजा अर्चना



## , जिले और प्रदेशवासियों के खुशहाली और समृद्धि की कामना की

**रायपुर।** अग्रसेन जयंती शोभायात्रा में भी हुए शामिल, दी शुभकामनाएवाणिज्य, उद्योग,आबकारी श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन आज सोमवार को शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन के अवसर पर कोरबा के मां सर्वमंगला मंदिर पहुंचकर मां सर्वमंगला की पूजा अर्चना कर जिले वासियों और प्रदेशवासियों के खुशहाली और समृद्धि की कामना की। साथ ही सभी श्रद्धालु को नवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाए दी।

इसी तरह श्री अग्रसेन जयंती के अवसर पर श्री अग्रवाल सभा कोरबा द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा में भी मंत्री श्री देवांगन शामिल हुए। जहाँ श्री गोपाल मोदी और महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत के साथ श्री अग्रसेन जी महराज की पूजा अर्चना कर सभी को इस पावन अवसर की बधाई एवं शुभकामनाए दी।

# ग्रामोद्योग मंत्री गजेन्द्र यादव ने किया हाथकरघा बुनकर संघ के गोदाम का अवलोकन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या., रायपुर द्वारा संचालित महामाया गृह निर्माण प्रा. लि. डुमरतराई स्थित एल.के. लॉजिस्टिक पार्क फेसङ्क02, धमतरी रोड, रायपुर में स्थापित गोदाम का अवलोकन आज माननीय ग्रामोद्योग मंत्री श्री गजेन्द्र यादव ने किया।इस अवसर पर ग्रामोद्योग सचिव श्री श्याम धावड़े ने मंत्री जी को जानकारी दी कि राज्य के बुनकरों द्वारा गणवेश वस्त्र, रेडीमेड गणवेश, धागा चादर, दरी, सेलुलर डील मच्छरदानी, जेकार्ड पर्दा, बस्ता, क्लॉथ, पोलिएस्टर साड़ी, मेडिकल चादर और ग्रीन क्लॉथ सहित लगभग 60 प्रकार के वस्त्रों का उत्पादन किया जा रहा है। वर्तमान में संघ के पास रंगीन चादर लगभग 4.00 लाख नग, उलन कंबल 1.69 लाख नग, पोलिएस्टर साड़ी 1.90 लाख नग, दरी 18 हजार नग तथा अन्य हाथकरघा वस्त्र एवं सामग्री सहित कुल 225 करोड़ रुपये का वस्त्र स्टॉक उपलब्ध है।माननीय मंत्री श्री यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य के विभिन्न शासकीय विभागों में आपूर्ति हेतु केवल राज्य के बुनकरों द्वारा उत्पादित वस्त्रों का ही उपयोग सुनिश्चित किया जाए। इससे राज्य के कुटीर एवं हाथकरघा उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और बुनकरों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध होगा।अवलोकन के दौरान मंत्री जी के ओ.एस.डी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## हिन्दी पत्रकारिता की द्विशती पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल हुए स्कूल शिक्षा मंत्री श्री यादव

**रायपुर।** हिन्दी पत्रकारिता की 200 वर्ष पूरे होने पर आज महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में ''भारत बोध, भारतीयता और हिन्दी पत्रकारिता'' विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री श्री गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस संगोष्ठी में प्रतिष्ठित पत्रकार, लेखक एवं स्तंभकार नई बिन्दी श्री अनंत विजय और आचार्य एवं अध्यक्ष माखन लाल चतुर्वेदी पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल डॉ. संजय द्विवेदी, मुख्य वक्ता तथा छत्तीसगढ़ साहित्य अकॉदमी के अध्यक्ष श्री शशांक शर्मा, अतिथि वक्ता के रूप में संगोष्ठी में शिरकत किये।

## जीएसटी की छूट से राजधानी का बाजार झूमा

रायपुर । नवरात्रि के पावन पर्व से आज जीएसटी के छूट के कारण बचत की सौगात शुरू हो गई है। जिसके कारण आज बाजार झूम उठा है, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जीएसटी में छूट दिए जाने की घोषणा के पश्चात दुग्ध, डेयरी उत्पाद, इलेक्ट्रानिक, दवा तथा वाहन की दरों में छूट मिली है। जिसका फायदा अब आम लोगों को मिल रहा है।

आज नवरात्रि का पावन पर्व शुरू हो गया है, प्रधानमंत्री जीएस में छूट दिए जाने की घोषणा के पश्चात नागरिकों को रोजमरा के सामान खरीदी में छूट मिली है। सुबह से अमूल के दूध पैकेट, बटर के छोटे बड़े पैकेट तथा कैडेंस दूध में छूट मिली है। वहीं सीमेंट के प्रति बोरी रेट में 30 रूपए कम हुआ है, जिसको लेकर भवन निर्माता में खुशी का माहौल है, राजधानी में आज अवकाश प्राप्त कर्मचारियों तथा गृहणी में छूट लेने को लेकर होड़ मची हुई है, दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष अनिल विग के अनुसार दवाईयों विशेषकर, डायबिटिज, कैंसर तथा अन्य दवाईयों में लोगों को छूट मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस जीवन रक्षक दवाईयों को सस्ता करना जरूरी है। राजधानी में जीएसटी 2.0 लागू करने के बाद तंबाकू के संबद्ध प्रोडक्ट महंगे जो जाएंगे, गुटखा, सिगरेट तथा अन्य उत्पाद महंगे हो गए है, जीएसटी से पेट्रोल को बाहर रखा गया है। इलेक्ट्रानिक मार्केट के पदाधिकारियों के अनुसार इस समय सैमसंग तथा चीन की एप्पो,विवो के कंपनियों के मोबाइल चार्जर में भी अंतर आएगा। राडा के प्रमुख के अनुसार दोपहिया वाहन के अंतर्गत आने वाले हीरो, होण्डा तथा अन्य कंपनियों के वाहन में भी 1000 से लेकर 500 तक छूट मिल रही है। वहीं बीएमडब्ल्यू, ईशान, मारूति सुजूकी तथा हेक्टर गाड़ियों के दाम भी गिरे हैं। अगले महीने दीपावली होने के कारण बाजार में तेजी आएगी। साराफा बाजार में भी असर पड़ेगा, वहीं कपड़े व्यवसाय में भी ग्राहकों को छूट मिलेगी। लोगों के अनुसार दीपावली के पहले लोगों की दीपावली मनेगी।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)